www.epaper.azadsipahi.in

10 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 348


भारतीय सेना को कम वजनवाली मल्टीरोल मिसाइलें देगा ब्रिटेन












## अंधविश्वास की चरम सीमा : डायन-बिसाही में हत्या आखिर कब तक

# लोहरदगा में पति-पत्नी और नौ साल के मासूम की हत्या

- गांव में दहशत, कई लोग भागे, पसरा सन्नाटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग बरटोली गांव में बुधवार की रात अंधविश्वास का भयावह रूप सामने आया। डायन-बिसाही के शक में गांव के ही कुछ लोगों ने पति, पत्नी और उनके नौ वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गयी है। अधिकांश ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर भाग गये हैं। मृतकों की पहचान लक्षण नगेसिया (47 वर्ष), उनकी पत्नी बिफनी नगेसिया (45 वर्ष) और पुत्र रामविलास नगेसिया (9 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बीती रात कुछ ग्रामीणों ने कुदाल और कुल्हाड़ी से वार कर तीनों की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।



### हत्या के दौरान परिवार के बाकी सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया

मृतक की बहू सुखमनिया नगेसिया ने बताया कि गांव के ही लोग लंबे समय से उनके परिवार पर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रहे थे। इसको लेकर पहले पंचायत भी बैठी थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। गुरुवार रात उन्हीं लोगों ने घर में घुसकर तीनों की हत्या कर दी। इस दौरान परिवार के बाकी सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया था।

### अंधविश्वास का नतीजा है घटना : एसडीपीओ

एसडीपीओ वेदांत शंकर ने तीन लोगों की हत्या की पुष्टि करते हुए कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। यह घटना अंधविश्वास का नतीजा है। समाज को ऐसी कुप्रथाओं से मुक्त होकर जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा नेता और समाजसेवी बिंदु भूषण दुबे का दिल्ली में निधन

## शोक की लहर, बनारस में अंत्येष्टि आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी बिंदु भूषण दुबे का बुधवार देर रात दिल्ली में निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में किया जा रहा था। देर रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को गुरुवार को सेवा विमान के जरिये रांची लाया गया। करीब दो घंटे तक रातू रोड स्थित आवास पर पार्थिव शरीर को रखने के बाद शाम पांच बजे उसे बनारस ले जाया गया, जहां शुक्रवार को अंत्येष्टि होगी।

बिंदु भूषण दुबे के निधन की खबर से झारखंड, विशेष रूप से रांची, में शोक की लहर दौड़ गयी है। परिवार और पार्टी सूत्रों के अनुसार, बिंदु भूषण दुबे का दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।



### राजनीति और समाजसेवा में अमूल्य योगदान रहा

बिंदु भूषण दुबे लंबे समय से भाजपा के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे झारखंड में पार्टी के स्वच्छता अभियान के पूर्व प्रदेश संयोजक थे और सामाजिक-धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी थी। पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए उनका समर्पण हमेशा प्रेरणादायी रहेगा। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को घर-घर तक पहुंचाने के लिए उन्होंने देश भर में संकल्प अभियान चलाया और इसके लिए उनका नाम गोल्डेन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया जेसोवा दिवाली मेला 2025 का उद्घाटन

# समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है जेसोवा

- मेले से होने वाली आमदनी का उपयोग गरीब और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए होगा
- हेमंत और कल्पना ने टोटो में बैठ कर मेले का परिभ्रमण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) दिवाली मेला-2025 का उद्घाटन किया। उनके साथ पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा अपने शुरुआती दौर से ही जनहित कार्यों के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्था एक लंबी यात्रा तय करते हुए आज अपना रजत जयंती मना रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस संस्था के द्वारा रांची के इस ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बड़ी उत्साह और उमंग के साथ पांच दिवसीय जेसोवा दिवाली मेला-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।



**शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कर रहा बेहतर कार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जेसोवा मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस मेले से होने वाली पूरी आमदनी गरीब, जरूरतमंदों के कल्याणार्थ एवं अन्य सामाजिक उत्थान जैसे कार्यों एवं गतिविधियों में लगायी जाये। यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। आज भी यहां जेसोवा द्वारा बेहतर सामाजिक कार्य करने वाले लोगों के बीच सम्मान राशि का वितरण तथा पुस्तकालय का उद्घाटन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो कई संस्थाओं द्वारा त्योहारों के समय अलग-अलग मेले आयोजित किये जाते हैं। सभी संस्थाओं का मेला आयोजित करने का अपना-अपना उद्देश्य होता है, लेकिन जेसोवा शुरुआती दिनों से ही गरीब जरूरतमंदों के हित के लिए कार्य करती आ रही है जो सराहनीय है।

### बेहतर सामाजिक प्रयास के लिए दी शुभकामनाएं

हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्य रूप से जेसोवा को झारखंड आइएएस ऑफिसर्स की अर्धांगिनियों द्वारा संचालित किया जाता है। मैं अपनी ओर से आप सभी जेसोवा सदस्य सहित संस्थान के सभी पदाधिकारियों को बेहतर प्रयास के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी इस संस्थान के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं, आप सभी की मेहनत और सेवा का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचता रहे, इसी आशा और उम्मीद के साथ जेसोवा मेला-2025 के सफल आयोजन के लिए मैं अपनी ओर से आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

### अतिथियों ने मेले का किया परिभ्रमण

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मेले का परिभ्रमण किया। विधायक कल्पना सोरेन ने जेसोवा के सभी सदस्यों को अपनी ओर से दिवाली मेले की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमार, उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, सचिव मनु झा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# खाद्य निगम के गोदाम से तीन करोड़ का खाद्यान्न गायब, हड़कंप



**रविकांत चंद्रवंशी**

**गढ़वा/केतार (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के केटर प्रखंड के राज्य खाद्य निगम के गोदाम में 9003 क्विंटल अनाज घोटाला का मामला प्रकाश में आने से खाद्य आपूर्ति विभाग में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 923.22 क्विंटल गेहूं और 8079 क्विंटल चावल गबन करने का आरोप लगा है। इस मामले में एसएफसी के जिला प्रबंधक ने जांच के बाद प्रभारी गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार को दोषी पाया है। जांचोपरांत प्रभारी गोदाम प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। इस खाद्यान्न घोटाले में बाजार मूल्य लगभग तीन करोड़ रुपये से अधिक बतायी जा रही है। अनाज के स्टॉक और वितरण के कागजात का मिलान किया गया पर दोनों में भारी गड़बड़ी पाया गया।

**प्रशासन सख्त, अग्रेत्तर कार्रवाई की अनुशंसा :** जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। आगे की जांच की जा रही है। इस पूरे घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी तह तक जाने के लिए सघनता से जांच शुरू की जा चुकी है। मामले में और भी कई नाम सामने आने की संभावना है। डीएसओ देवानंद राम ने बताया कि जांच रिपोर्ट उन्हें प्राप्त है। अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट गढ़वा उपायुक्त को भेज दी गयी है। संलिप्त सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सरकार को घेरा:** इस घोटाले को लेकर कार्डधारियों में नाराजगी है। उन्होंने सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह गरीबों का अनाज है। सरकार गरीबों का निवाला छीनने का प्रयास कर रही है। इस घोटाले में उन्होंने सरकार से सीबीआइ जांच सघनता पूर्वक करते हुए सभी संलिप्त दोषियों को सख्त कार्रवाई की मांग किया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
200000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# जीवन रक्षा के साधनों में जब नैतिकता का अभाव हो जाता है, तब प्रगति की समूची इमारत ध्वस्त हो जाती है

- देश के लिए बेहद चिंताजनक है कफ सिरप कांड, नन्हीं जानों से खेलने का हक किसने दिया
- इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी केवल दोषी कंपनियों पर नहीं, पूरे तंत्र पर है, जिसने नैतिकता की आंखें मूंद लीं
- मानवता विरोधी अपराध के लिए दोषियों को कठोरतम दंड देने की जरूरत

**आजाद सिपाही विशेष**

**मध्य प्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौतों की जो खबरें आयीं, उन्होंने पूरे देश की नींद उड़ा दी है। महज खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारी के लिए दी जाने वाली खांसी की दवा बच्चों के जीवन पर इतनी घातक साबित होगी, इसकी कल्पना भी नहीं की गयी थी। पिछले एक महीने में इन दोनों राज्यों में दो दर्जन बच्चों की मौत ने चिकित्सा व्यवस्था, दवा नियमन और प्रशासनिक सतर्कता, तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। जहरीले कफ सिरप की यह घटना नयी नहीं है। इससे पहले 2019 में जम्मू और 2022-23 में गांबिया और उज्बेकिस्तान जैसे देशों में भारतीय दवाओं को लेकर वैश्विक स्तर पर विवाद खड़ा हुआ था। दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब दो सौ देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच इन दो प्रमुख राज्यों में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक एवं त्रासदीपूर्ण है। भारत दुनिया का फार्मेसी हब कहलाता है, लेकिन समय-समय पर घटिया दवाओं के मामले हमारी छवि को धूमिल करते हैं। सवाल यह है कि जब दवा कंपनियों के खिलाफ पहले से संदिग्ध रिपोर्ट थीं, तो उन्हें सरकारी योजनाओं में शामिल क्यों किया गया? साथ ही विशेषज्ञ लगातार कहते आये हैं कि दो साल से छोटे बच्चों को खांसी-जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में अक्सर बिना उचित परामर्श के इन्हें दिया जाता है। यही लापरवाही जानलेवा बनती है। क्या है जहरीले कफ सिरप का पूरा मामला और नकली दवाओं का पूरा रैकेट, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

दो राज्यों राजस्थान और मध्यप्रदेश में कफ सिरप से जुड़ी बच्चों की मौत की घटनाएं देश की दवा नियामक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। यह केवल एक चिकित्सा त्रुटि या आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस तंत्र की विफलता का प्रतीक है, जिस पर जनता अपने जीवन की रक्षा के लिए भरोसा करती है। दवा जैसी जीवनदायी वस्तु में भी जब लालच, लापरवाही या भ्रष्टाचार घुसपैठ कर जाते हैं, तो वह अमृत भी विष बन जाता है। बच्चों की मासूम जानें जब घटिया या मिलावटी दवा के कारण चली जाती हैं, तो यह केवल परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिकता एवं विश्वास की मृत्यु होती है। कफ सिरप में पाये गये विषैले तत्व-जैसे डाइएथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल, पहले भी कई देशों में सैकड़ों बच्चों की जान ले चुके हैं। फिर भी बार-बार ऐसे हादसे होना इस बात का प्रमाण है कि भारत की दवा नियामक व्यवस्था में संरचनात्मक खामियां बनी हुई हैं। सवाल है कि पिछली गलतियों से क्या सीखा गया? भारत में बने कफ सिरप पहले भी सवालों में आ चुके हैं। 2022 में गांबिया में कई बच्चों की मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक भारतीय कंपनी के कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की थी। इसके बाद भी कई और जगहों से इसी तरह की शिकायत आयी।

## देश की प्रतिष्ठा को धक्का लगा

दवाओं के उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। करीब दो सौ देशों में यहां से दवाएं निर्यात होती हैं और जेनेरिक दवाएं सबसे ज्यादा यहीं बनती हैं। इन उपलब्धियों के बीच इन दो प्रमुख राज्यों में कफ सिरप की वजह से बच्चों की मौत शर्मनाक एवं त्रासदीपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि दवा के क्षेत्र में जिस तरह की निगरानी, मानक और सुरक्षा उपायों की जरूरत है, उसमें कोताही बरती जा रही है। दवा के रूप में जहर धड़ल्ले से मासूमों की मौत का कारण बन रहा है।

## अधिक लाभ की लालच में गलत काम

इस घटना के सामने आने के बाद कार्रवाई का दौर भले ही जारी है, दवाएं वापस ली गयी हैं, केस दर्ज हुआ है और नेशनल रेगुलेटरी अथॉरिटी ने कई राज्यों में जांच की है। इन घटनाओं से साफ है कि दवा निर्माण की प्रक्रिया में कच्चे माल के स्रोत से लेकर तैयार उत्पाद की गुणवत्ता जांच तक हर स्तर पर लापरवाही व्याप्त है। कई कंपनियां लागत घटाने के लिए औद्योगिक ग्रेड के सॉल्वेंट या रसायनों का प्रयोग कर लेती हैं, जो मानव उपभोग के लिए निषिद्ध होते हैं।

## निरीक्षण और परीक्षण की कमजोर व्यवस्था

वहीं निरीक्षण और परीक्षण की सरकारी व्यवस्था न केवल कमजोर है, बल्कि अक्सर प्रभावशाली कंपनियों के दबाव में निष्क्रिय भी हो जाती है। राज्य और केंद्र स्तर के दवा-नियामक विभागों में पर्याप्त संसाधन और तकनीकी क्षमता का अभाव है, जिससे समय पर निगरानी और सैंपल परीक्षण संभव नहीं हो पाता। जब निरीक्षण औपचारिकता बन जाये और रिपोर्ट खरीद-फरोख्त की वस्तु बन जायें, तब ऐसी त्रासदियां स्वाभाविक हैं। तमिलनाडु की दवा कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के कोल्ड्रिफ कफ सिरप के नमूने में 48.6 प्रतिशत डाइ एथिलीन ग्लाइकॉल मिला है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार इसकी मात्रा 0.10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह एक खतरनाक औद्योगिक रसायन है, जिसका इस्तेमाल गाड़ियों और मशीनों में होता है। इसकी वजह से पीड़ित बच्चों की किडनी फेल हो गयी।




## मात्रा नहीं, गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा

इन घटनाओं ने न केवल स्वास्थ्य प्रशासन की विश्वसनीयता को चोट पहुंचायी है, बल्कि भारत की वैश्विक छवि पर भी धब्बा लगाया है। पिछले वर्षों में अफ्रीकी देशों में भी भारतीय सिरप से हुई मौतों के बाद कई देशों ने हमारे फार्मा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया था। अब घरेलू स्तर पर घटित ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि हमने उन हादसों से कोई सबक नहीं लिया। दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा उत्पादक देश के रूप में भारत को यह मानना होगा कि केवल उत्पादन की मात्रा नहीं, बल्कि गुणवत्ता ही हमारी असली ताकत होनी चाहिए।

## व्यवस्था दोषी है इस संकट के लिए

इस संकट का सबसे पीड़ादायक पहलू यह है कि इसका शिकार वे मासूम बच्चे बने, जिनकी प्रतिरोधक क्षमता अभी विकसित नहीं हुई थी और जिनकी जीवन रक्षा का उत्तरदायित्व समाज और राज्य पर है। इन मौतों की नैतिक जिम्मेदारी केवल दोषी कंपनियों पर नहीं, बल्कि उस पूरे तंत्र पर है, जिसने नियमन और नैतिकता की आंखें मूंद लीं। दवाओं में मिलावट या गलत प्रमाणपत्र देना कोई साधारण अपराध नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ किया गया घोर अपराध है। इस पर कड़े से कड़ा दंड होना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी निर्माता या अधिकारी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे।

## दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी

भारत के औषधि बाजार का आकार लगभग 60 अरब डॉलर है। इसका बड़ा हिस्सा छोटी कंपनियों के पास है। सीडीएससीओ ने इस साल अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ज्यादातर छोटी और मंझोली कंपनियों की दवाएं जांच में तयशुदा मानक से कमतर पायी गयीं। इस जांच में 68 प्रतिशत एमएसएमइ फेल हो गयी थीं। इससे पहले जब केंद्रीय एजेंसी ने 2023 में जांच की, तब भी 65 प्रतिशत कंपनियों की दवाएं सब-स्टैंडर्ड मिली थीं। प्रश्न है कि यह तथ्य सामने आने के बाद आखिर सरकार क्या सोच कर इन दवाओं को बाजार में विक्रय जारी रहने दिया? क्यों ऐसे हादसे होने दिये जाते रहे? यह आवश्यक है कि दवा उद्योग में कच्चे माल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये, हर बैच की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो और दवाओं के मानक अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों। केंद्र और राज्य सरकारों को ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ानी चाहिए। हर कंपनी के लाइसेंस नवीनीकरण के समय उसकी पिछली गुणवत्ता रिपोर्ट और परीक्षण परिणामों की समीक्षा की जानी चाहिए। जिन कंपनियों ने सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया है, उनके लाइसेंस तत्काल रद्द कर दिये जाने चाहिए और शीर्ष प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि इन मामलों में आपराधिक जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी है।

## आत्मचिंतन जरूरी

इसके साथ ही चिकित्सा जगत और समाज को भी आत्मचिंतन करना चाहिए। डॉक्टरों को यह समझना होगा कि शिशुओं को ओटीसी-ओवर दी काउंटर दवाएं देना कितना खतरनाक हो सकता है। सरकार द्वारा जारी परामर्श और चेतावनियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। मीडिया को भी सनसनी से ऊपर उठकर जनता को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। इन त्रासदियों को केवल समाचार बनाकर भुला देना नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य-सुधार के आंदोलन में बदलना समय की मांग है, क्योंकि सरकारी अनुमान से इस साल देश का दवा निर्यात 30 अरब डॉलर को पार कर जायेगा। वहीं 2030 तक औषधि बाजार के 130 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। दवाओं की जांच और निगरानी अभी तक की कमजोर कड़ी साबित हुई है। केंद्रीय और राज्य की नियामक एजेंसियों को ज्यादा बेहतर तालमेल के साथ पारदर्शिता, ईमानदारी और ज्यादा तेजी से काम करने की जरूरत है, क्योंकि यह मामला केवल अर्थव्यवस्था या देश की छवि ही नहीं, अनमोल जिंदगियों से जुड़ा है।

**अंततः** यह घटना हमें याद दिलाती है कि जीवन रक्षा के साधनों में जब नैतिकता का अभाव हो जाता है, तो प्रगति की समूची इमारत ध्वस्त हो जाती है। दवा उद्योग में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। सरकार और समाज दोनों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बच्चे की जान किसी घटिया या मिलावटी दवा के कारण न जाये। जब तक दवा बनाने वाला और दवा बांटने वाला अपनी जिम्मेदारी को धर्म, करुणा, विश्वास और ईमानदारी की दृष्टि से नहीं देखेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहरायी जाती रहेंगी। इसलिए अब वक्त आ गया है कि हम दवा नहीं, दायित्व बनायें, नियमन नहीं, निष्ठा पैदा करें और इस मानवता विरोधी अपराध के लिए दोषियों को उदाहरण स्वरूप कठोरतम दंड दें, ताकि भविष्य में जीवन रक्षक औषधि फिर से विश्वास की प्रतीक बन सके।

---

# बिहार चुनाव: पीके की जनसुराज ने जारी की 51 प्रत्याशियों की लिस्ट

**समस्तीपुर से कर्पूरी ठाकुर की पोती, नालंदा से आरसीपी की बेटी को भी टिकट**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने गुरुवार को 51 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की। पटना के शेखपुरा हाउस में जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कैंडिडेट्स का एलान किया। इस दौरान प्रशांत किशोर मौजूद नहीं रहे। कैंडिडेट्स के नाम के एलान के बाद जिन्हें टिकट नहीं मिला उन्होंने हंगामा भी किया। जनसुराज ने समस्तीपुर की मोरवा विधानसभा से कर्पूरी ठाकुर की पोती जागृति ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह की बेटी लता सिंह को अस्थावां से टिकट मिला है। जनसुराज ने गोपालगंज से प्रीति किन्नर को भी उतारा है।

इसके अलावा गणितज्ञ केसी सिन्हा को पटना के कुम्हरार, पटना हाइकोर्ट के वकील वाइबी गिरी को सारण के मांझी से उम्मीदवार बनाया गया है। जनसुराज के जातीय समीकरण की बात करें तो सबसे ज्यादा इबीसी से 17 कैंडिडेट उतारे हैं। एससीएसटी से 7 और ओबीसी से 11, अल्पसंख्यक 9 और सामान्य वर्ग से 7 लोगों को टिकट दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा, हर एक दिन के बाद लिस्ट जारी करते रहेंगे। 11 तारीख से चुनाव अभियान शुरू हो रहा है। पीके राघोपुर से चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे।

# ज्योति के बहाने पवन सिंह का पावर ऑफ करने की ताड़ में आरजेडी!

**भोजपुर, रोहतास, बक्सर, औरंगाबाद से बेचैनी का असर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** क्या भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह के घरेलू विवाद को अब राजनीतिक कारणों से उछाला जा रहा है? क्या कोई राजनीतिक दल अपने हित के लिए ज्योति सिंह को पवन सिंह के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा है? ये तो तय है कि जब से पवन सिंह के भाजपा में दोबारा आने का रास्ता तैयार हुआ है तब से भोजपुर, रोहतास, भभुआ, बक्सर और औरंगाबाद जिले की राजनीति में खलबली मच गयी है। राजपूत-कुशवाहा के नये समीकरण की संभावना से राजद,



कांग्रेस और भाकपा माले की नींद उड़ गयी है। इनके सामने सबसे बड़ा सवाल ये है कि अब पवन सिंह को कैसे काबू में किया जाये। क्या इसी कोशिश में पवन सिंह की छवि का बर्बाद करने के लिए ज्योति सिंह को आगे किया गया है? ज्योति सिंह ने खुद दावा किया है कि वे पिछले एक साल से राजद के संपर्क में हैं और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं।

# असम में भाजपा नेताओं का इस्तीफा
# पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन समेत 18 नेताओं ने दिया इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**असम।** असम में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार के भाजपा सांसद राजेन गोहेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ कुल 17 अन्य सदस्यों ने भी पार्टी से अपना त्यागपत्र सौंपा। राजेन गोहेन ने यह फैसला राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया को लिखे पत्र में बताया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से तुरंत प्रभाव से हट रहे हैं।

**इस्तीफे की वजह :** सूत्रों के अनुसार, इस्तीफा देने वाले




अधिकांश सदस्य ऊपरी और मध्य असम से हैं। राजेन गोहेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने 'असम के लोगों से किये गये वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, जबकि बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी।'

### 1999 से 2019 तक नौगांव से सांसद रहे हैं गोहेन

**बता दें कि, राजेन गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2016 से 2019 तक रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री भी रहे। भाजपा में रहते हुए वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे पेशे से चाय बागान के मालिक भी हैं। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों में उनका काफी प्रभाव है। उनके जाने से भाजपा को राज्य में नुकसान हो सकता है।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



# प्रधानमंत्री 25 नवंबर को अयोध्या में ध्वजारोहण करेंगे

### पूरे विश्व को देंगे राम मंदिर पूरा होने का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि राम मंदिर सिर्फ राष्ट्र मंदिर नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राम मंदिर बने। यह बात सभी क्षेत्र, सभी वर्ग और सभी विचारधारा के लोग स्वीकार करें, ऐसा प्रधानमंत्री का सपना है।

जब ये सपना साकार होता दिखायी पड़ता है, तब मन को संतोष मिलता है। 25 नवंबर अयोध्या के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे। यह दिन ऐतिहासिक इसलिए भी होगा कि इस दिन राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा भी की जायेगी। राम मंदिर के ध्वजारोहण के साथ प्रधानमंत्री पूरे विश्व को राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा होने का संदेश देंगे।





### ध्वज का स्वरूप, रंग और प्रतीक चिह्न जल्द तय होगा

ध्वज का स्वरूप कैसा होगा, रंग कैसा और प्रतीक चिह्न कौन सा होगा, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया था। 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य महल में विराजमान हुए थे। प्रधानमंत्री मुख्य यजमान थे। प्रधानमंत्री के हाथों विराजमान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी थी। मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद 25 नवंबर को प्रधानमंत्री ध्वजारोहण करेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** बिगड़ा काम बनेगा,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# जमानत या सजा स्थगन मिलने पर रिहाई में देरी न हो : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति राजेश कुमार ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। इसमें यह निर्देश दिया गया है कि यदि किसी अभियुक्त को जमानत या सजा स्थगन का लाभ दिया गया है, तो उसकी रिहाई तुरंत की जाये और किसी प्रकार की देरी न हो। खंडपीठ ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 31 जनवरी 2023 को पारित आदेश का उल्लेख करते हुए यह दोहराया कि उक्त आदेश में दिये गये सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये सभी निर्देशों के अनुपालन का आदेश दिया गया है। खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया है कि जमानत आदेश की प्रति संबंधित न्यायालय द्वारा इ-मेल के माध्यम से जेल अधीक्षक को उसी दिन या अगले दिन भेजी जाये, ताकि वह कैदी तक पहुंच सके। जेल अधीक्षक को यह सुनिश्चित करना होगा कि जमानत से संबंधित विवरण को जेल के रिकॉर्ड/सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जाये और यदि जमानत आदेश के सात दिनों के भीतर अभियुक्त की रिहाई नहीं होती है, तो जेल अधीक्षक को संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव को सूचित करना होगा, ताकि रिहाई के लिए आवश्यक कदम उठाये जा सकें। यदि एक माह के भीतर जमानत बांड प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो जमानत की शर्तों में संशोधन या शिथिलता के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने इन निर्देशों की प्रति सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों और जेल अधीक्षकों को भेजने का आदेश दिया है। दरअसल यह मामला हाइकोर्ट के संज्ञान में तब आया, जब यह पाया गया कि एक अभियुक्त को जमानत मिलने के बावजूद सात वर्षों तक रिहा नहीं किया गया, क्योंकि उसने जमानत की शर्तें पूरी नहीं की थीं और जमानत बांड प्रस्तुत नहीं किया था। इस मामले में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भी पक्षकार बनाया गया था।





# दीपावली से पहले पेंशनधारियों के खाते में पहुंची अक्टूबर की पेंशन राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दीपावली से पहले हेमंत सरकार ने रांची जिले के पेंशनधारियों को बड़ी सौगात दी है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत अक्टूबर महीने की पेंशन राशि लाभुकों के बैंक खातों में भेज दी गयी है। कुल 2 लाख 39 हजार 481 लाभुकों को 23 करोड़ 94 लाख 81 हजार रुपये की राशि का भुगतान (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किया गया है। प्रत्येक लाभुक को 1-1 हजार रुपये की पेंशन राशि मिली है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर यह भुगतान राज्य संपोषित योजनाओं के तहत किया गया।

**आधार लिंक और सत्यापन जरूरी :** जिन लाभुकों को पेंशन राशि नहीं मिली है, उन्हें अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य है।

साथ ही सभी लाभुकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने प्रखंड या अंचल कार्यालय में भौतिक सत्यापन करायें, ताकि आगे भी उन्हें योजना का लाभ मिलता रहे।




### किन-किन योजनाओं के तहत राशि दी गयी

- मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना - 338 लाभुकरांची स्थानीय व्यापार
- एचआइवी/एड्स पीड़ित सहायतार्थ पेंशन योजना - 412 लाभुक
- मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना - 1,72,888 लाभुक
- मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना - 47,446 लाभुक
- स्वामी विवेकानंद नि:शक्त स्वावलंबन योजना - 18,390 लाभुक
- ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना - 7 लाभुक

# झारखंड विशिष्ट एवं तकनीकी योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा को अचानक रद्द करना विश्वासघात : बाबूलाल

### तत्काल खामियों को दूर कर अतिशीघ्र पारदर्शी ढंग से परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करे सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएससीसी द्वारा आयोजित होने वाले झारखंड विशिष्ट एवं तकनीकी योग्यताधारी प्रतियोगिता परीक्षा को अचानक रद्द किये जाने को युवाओं के साथ राज्य सरकार का विश्वासघात बताया। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के साथ फिर वही किया, जो अब तक करते आये हैं, विश्वासघात। कहा कि 9 अक्टूबर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड तकनीकी/ विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित होनी थी, लेकिन 8 अक्टूबर को अचानक से तकनीकी खामियों का हवाला देकर परीक्षा रद्द करने की घोषणा कर दी। इसमें आर्थिक और मानसिक नुकसान तो परीक्षा देने आये युवाओं को ही उठाना पड़ा। कहा कि युवा पिछले 6 सालों से राज्य सरकार के साजिशों के कुचक्र में फंस चुका है। पेपर लीक कर युवाओं का करियर बर्बाद किया जा रहा है और फिर उन्हें ही आरोपी बताकर बेगुनाही का सबूत मंगा जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि तत्काल खामियों को दूर कर अतिशीघ्र पारदर्शी ढंग से परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित करें, साथ ही सभी अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र तक आने जाने का खर्च भी सरकार वहन करे।



# भाजपा शासन में प्रतियोगी परीक्षाओं का बेड़ागर्क किया गया : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं के साथ वास्तविक विश्वासघात वे लोग कर रहे हैं, जिन्होंने 17-18 साल इस राज्य पर शासन किया और एक भी नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा रद्द करने का फैसला पारदर्शिता और तकनीकी शुचिता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। यही निर्णय एक जिम्मेदार सरकार का संकेत है। भाजपा शासन काल में प्रतियोगी परीक्षाओं का बेड़ागर्क किया गया जिसे सुधार कर हेमंत सरकार ने पारदर्शी बनाया है।

विनोद पांडेय ने कहा, भाजपा के नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कभी-कभी कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। सरकार जो भी निर्णय ले रही है वह युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए ले रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी युवाओं के नाम पर सस्ती राजनीति कर रहे हैं। वे यह भूल जाते हैं कि भाजपा शासनकाल में कितनी बार नियुक्तियों की अधिसूचनाएं जारी कर उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री रहते जेपीएससी की जो दुर्दशा हुई उसे ये राज्य कभी भुला नहीं सकता। रघुवर सरकार के समय जेएसएससी परीक्षा में पेपर लीक के मामलों की जांच दबा दी गयी थी। विनोद पांडेय ने कहा कि-हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं के हित में पूरी जिम्मेदारी से फैसले लेती है।



# राहुल को हाइकोर्ट से राहत, चाइबासा कोर्ट के संज्ञान लेने का आदेश रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से लोकसभा सांसद और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। हाइकोर्ट ने चाइबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके विरुद्ध दर्ज मामले में संज्ञान लेने के आदेश को रद्द कर दिया है और नया आदेश पारित करने के लिए मामला वापस निचली अदालत को भेज दिया गया है। कोर्ट ने कहा है कि यह आदेश सत्र न्यायालय द्वारा पारित आदेश से प्रभावित होकर वरिष्ठ मजिस्ट्रेट द्वारा पारित किया गया था। पहले शिकायतकर्ता द्वारा दायर शिकायत को वरिष्ठ मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था, जिसके खिलाफ शिकायतकर्ता ने वरिष्ठ सत्र न्यायालय के समक्ष आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। उसके बाद वरिष्ठ मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने और समन जारी करने के बाद उस पुनरीक्षण को अनुमति दे दी गयी। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर राय ने बहस की।



## बिहार एनडीए में सीट शेयरिंग पर घमासान

# जदयू की सीटिंग सीटों पर चिराग का दावा

### जनाधार वाली सीटों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा जदयू

आजाद सिपाही संवाददता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले एनडीए के भीतर सीट बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। मान-मनौव्वल का भी दौर चल रहा है। लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान की मांगों ने इस मसले को और पेचीदा बना दिया है। सूचना है कि चिराग लगातार सीट बढ़वाने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में एक अहम बैठक बुलायी। इस बैठक में जदयू के वरिष्ठ नेताओं के साथ सीट शेयरिंग और चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया।



### नीतीश कुमार ने लिया फीडबैक

बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ एनडीए में सीट बंटवारा था। नीतीश कुमार इस दौरान अपने सहयोगियों से फीडबैक भी लिया कि किन सीटों पर पार्टी की स्थिति मजबूत है और कहां सुधार की जरूरत है। जदयू नेताओं का कहना है कि गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भी पार्टी अपने जनाधार वाली सीटों को बचाने के लिए हरसंभव कोशिश करेगी।

### चिराग पासवान की मांगों से फंसा पेंच

एनडीए में इस वक्त सीट शेयरिंग का सबसे बड़ा पेंच चिराग पासवान को लेकर फंसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक चिराग पासवान जदयू की कई सिटिंग सीटों पर दावा ठोक रहे हैं। इनमें महनार, मटिहानी और चकाई जैसी सीटें शामिल हैं, जहां वर्तमान में जदयू के विधायक हैं। इन सीटों पर लोजपा (रामविलास) का दावा जदयू को रास नहीं आ रहा। पार्टी का मानना है कि जो सीटें पहले से उसकी हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जा सकता।

### संजय झा और विजय कुमार को मिली जिम्मेदारी

नीतीश कुमार ने बैठक में संजय झा से कहा कि पहले चरण में जो भी उम्मीदवार हैं, उनका नाम जल्द फाइनल करें, ताकि उन्हें नामांकन करने में आसानी हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा के साथ मिलकर जल्द सीट शेयरिंग पर फाइनल बातचीत करें। वहीं विजय कुमार चौधरी को भी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नीतीश ने उन्हें चुनाव में हर एक्टिविटी पर नजर रखने को कहा है।

साथ ही घटक दल के साथ सीट शेयरिंग पर बात करने को कहा गया है। बेटे निशांत को लेकर भी इस बैठक में बात रखी गयी है। बैठक में जदयू के शीर्ष नेता और संगठन से जुड़े पदाधिकारी शामिल रहे।

## रिम्स शासी परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी

# रिम्स में अब मौत पर आश्रित को मिलेंगे 5000 रुपये, यूपीआइ से होगा भुगतान

### एएनएम-जीएनएम की सैलरी और इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में इलाज के दौरान किसी की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 5 हजार रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। उक्त निर्णय रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिया गया। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स शासी परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर मुहर लगी। गुरुवार को जीबी की 61वीं बैठक के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने लिये गये निर्णय की जानकारी साझा की। झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज जस्टिस अमरेश्वर सहाय की उपस्थिति में जीबी की बैठक में त्योहारों को देखते हुए रिम्स की एएनएम, जीएनएम, आउट सोर्सिंग स्टाफ और अन्य रिम्स कर्मियों का वेतन अथवा मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

**निशुल्क मोक्षवाहिनी और 5 हजार की सहायता राशि :** रिम्स शासी परिषद की बैठक में एक अहम फैसला यह लिया गया कि रिम्स में जिन मरीजों की मौत इलाज के दौरान होगी, उनके परिजनों को यूपीआइ के माध्यम से 5000 रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि इस पर करीब 07 करोड़ हर वर्ष खर्च होगा और यह सुविधा सभी वर्गों के लिए उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रिम्स के पास 05 मोक्षवाहिनी है और अन्य मोक्षवाहिनी की खरीद की जायेगी। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि इंटर्नशिप करने वाले जूनियर डॉक्टरों को 30 हजार रुपये प्रतिमाह भुगतान किया जायेगा। यह भुगतान एम्स के मापदंडों के अनुरूप होगा। डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा उठाये गये मुद्दे पर नियुक्ति और खरीद संबंधी निर्णय लिये गये हैं। उन्होंने बताया कि रिम्स में 01 करोड़ रुपये तक की राशि खर्च करने का अधिकार निदेशक का होगा, उससे ऊपर की राशि में कमेटी का निर्णय सर्वोपरि होगा।

**एमबीबीएस और पीजी की सीट बढ़ाने का मामला :** वहीं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि रिम्स में एमबीबीएस की 180 सीट को बढ़ा कर 250 करने की मांग को एनएमसी ने रिजेक्ट कर दिया है। जिसके खिलाफ अपील की गयी है। वहीं पीजी की 176 सीट को बढ़ाकर 250 सीट करने की भी मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि रिम्स में सुपर स्पेशलिसिटी की 09 सीट को बढ़ाकर 50 सीट करने की भी मांग की गयी है। उन्होंने बताया कि रिम्स जीबी की अगली बैठक 12 नवंबर को होगी। एक सवाल के जवाब में रिम्स निदेशक को शो-कॉज पूछे जाने के सवाल पर बचते दिखे स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्पष्टीकरण पूछा गया है। वहीं जीबी की बैठक में डॉ. राजीव रंजन को जनसंपर्क पदाधिकारी के दायित्व से मुक्त करने का भी निर्णय लिया गया है। एंबुलेंस की होगी खरीद, 3 ड्रग टेस्टिंग लैब खुलेंगे रिम्स जीबी से इतर राज्य में निशुल्क एंबुलेंस सेवा 108 को दुरुस्त करने के लिए 237 नयी एंबुलेंस खरीद की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव ने दी। वहीं विभागीय मंत्री ने कहा कि राज्य में दवाओं की जांच के लिए 3 नये और अत्याधुनिक ड्रग टेस्टिंग लैब खोले जायेंगे।




### मरीजों के लिए बेड की वैकल्पिक व्यवस्था

रिम्स जीबी की बैठक के बाद मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि रिम्स में इलाज के लिए आनेवाले मरीजों को बेड मिले और उनका जमीन इलाज न कराना पड़े इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नेत्र रोग विभाग में 114 और ऑन्कोलॉजी विभाग में 94 बेड की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि रिम्स में जांच की सुविधा बढ़ेगी और जल्द एमआरआइ की सुविधा मिलने लगेगी।

## बड़कागांव के भीम कुमार प्रजापति ने ऑनलाइन गेमिंग में गंवाये तीन करोड़ रुपये

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के रहने वाले भीम कुमार प्रजापति इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। कुछ ही महीनों पहले एनटीपीसी ने उनके जमीन के बदले दो करोड़ रुपये का मुआवजा दिया था, लेकिन ऑनलाइन गेमिंग की लत ने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। शुरूआत में भीम कुमार ने महज मनोरंजन के लिए ऑनलाइन गेम खेलना शुरू किया था, लेकिन धीरे-धीरे उन्हें इसमें जीतने की ललक बढ़ती गयी। पहले उन्होंने अपने बैंक अकाउंट में जमा सारे पैसे गंवाए, फिर हार की भरपाई के लिए गांव के रिश्तेदारों और परिचितों से कर्ज लेकर लगभग एक करोड़ रुपये और निवेश करते चले गये। अंततः उन्होंने कुल तीन करोड़ रुपये ऑनलाइन गेमिंग में गंवा दिये। भीम कुमार फिलहाल एनटीपीसी में कार्यरत हैं, लेकिन बीते तीन महीनों से वह महाजनों और कर्जदाताओं के डर से नौकरी पर जाना भी बंद कर चुके हैं। गौरतलब है कि भारत सरकार ने हाल ही में मानसून सत्र के दौरान ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाया है। भीम कुमार प्रजापति ने समाज के युवाओं से ऑनलाइन गेमिंग से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'पहले लगता है कि इसमें जीतना आसान है, लेकिन धीरे-धीरे यह लत बन जाती है और सब कुछ छीन लेती है। कुछ दिन पहले तक मैं एक्सयूवी गाड़ी में घूमता था, आज पैदल चलने की नौबत आ गयी है।'

# नाबालिग के दुष्कर्मी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा

## एडीजे तृतीय राकेश चंद्रा की कोर्ट ने सुनायी सजा

**25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया**

**जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

आजाद सीपाही संवाददाता

**कोडरमा।** डरा-धमका कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की कोर्ट ने गुरुवार को मो इस्लाम उर्फ मो इस्लाम खान, 19 वर्ष, पिता- मो शमीम खान, मीरगंज सतगावा को 376 (3) आईपीसी, 4(2)और 6 पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 25 हजार रु जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

बता दें कि अभियुक्त लड़की का रिश्ते में मौसेरा भाई लगता है। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने कोर्ट से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। कोर्ट ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त को दोषी पाते हुए उक्त सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।



### मामला साल 2023 का

मामला वर्ष 2023 की है। इसे लेकर केरला में मामला दर्ज किया गया था। इसे बाद में कोडरमा ट्रांसफर किया गया। सतगावा थाना में थाना कांड संख्या 52/2023 थाना में दर्ज हुआ था।

# 'बेटर इनसाइट्स' को मिला 'भारत का उद्यमिता पुरस्कार 2025'

- हजारीबाग की हैं कंपनी की सह-संस्थापक पूजा कपूर
- छोटे शहर से निकली सोच ने सच किये बड़े सपने

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयपुर/हजारीबाग।** कभी-कभी बड़े सपनों की शुरुआत छोटे शहरों से होती ह और यही कहानी है बेटर इनसाइट्स नामक कंपनी की। हजारीबाग जैसे शांत शहर से निकल कर पूजा कपूर और गौतम कोली ने यह साबित कर दिया कि अगर सोच साफ हो और दिशा सही, तो कोई भी उद्यम सीमाओं से परे जा सकता है। जयपुर स्थित इस डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी को हाल ही में 'डिजिटल मार्केटिंग स्टार्टअप ऑफ दि इयर' के सम्मान से नवाजा गया है। यह पुरस्कार कंपनी की उस दूरदर्शिता को मान्यता देता है, जिसके जरिये उसने देश भर के छोटे और मंझोले व्यवसायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है।



### छोटे शहर, बड़ा विजन

बेटर इनसाइट्स की शुरुआत एक साधारण कमरे से हुई थी, न बड़ा निवेश, न बड़ी टीम। बस एक लैपटॉप, एक विश्वास और एक सपना कि छोटे व्यवसाय भी बड़े ब्रांड की तरह डिजिटल दुनिया में चमक सकते हैं। रास्ते में क्लाइंट का भरोसा जीतना और सीमित संसाधनों में काम करना जैसी कठिनाइयां आयीं, लेकिन हर चुनौती ने इस टीम को और मजबूत बनाया। हजारीबाग की मूल निवासी पूजा कपूर इस कंपनी की सह-संस्थापक और निदेशक हैं। वह कहती हैं कि हमारा लक्ष्य सिर्फ बिजनेस ग्रोथ नहीं है, बल्कि भारत के छोटे उद्यमियों को वो डिजिटल ताकत देना है, जिससे वे अपनी पहचान बना सकें। कंपनी आज एआइ आधारित रणनीतियों और स्मार्ट मार्केटिंग ऑटोमेशन के जरिये सैकड़ों छोटे और मध्यम उद्योगों को बेहतर परिणाम दिला चुकी हैं, चाहे वो राजस्थान का एक स्थानीय ब्रांड हो या महाराष्ट्र का कोई नया स्टार्टअप।

कंपनी के संस्थापक गौतम कोली का मानना है कि हर बिजनेस का एक विजन होना चाहिए, जहां वह अपने साथ दूसरों के लिए भी कुछ अच्छा काम करना चाहे। यही सोच इस कंपनी को बाकी से अलग बनाती है, एक ऐसा डिजिटल इकोसिस्टम, जो प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग पर टिका है।

### भारत के एमएसएमइ के लिए प्रेरणा

बेटर इनसाइट्स की यात्रा उन सभी लोगों के लिए एक संदेश है, जो सोचते हैं कि छोटे शहर से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। आज के डिजिटल युग में, ज्ञान और इंटरनेट ने हर व्यवसाय को बराबरी का मौका दिया है। अगर आपके पास एक आइडिया, थोड़ी लगन और सीखने की इच्छा है, तो सफलता बस एक कदम दूर है। पूजा कपूर कहती हैं, अपने सपनों को शुरू करने के लिए बड़े शहर की नहीं, बड़ी सोच की जरूरत होती है। यह पुरस्कार केवल बेटर इनसाइट्स की नहीं, बल्कि उन सभी उद्यमियों की जीत है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को हकीकत में बदलने की हिम्मत रखते हैं।

### कंपनी की भावी योजनाएं

बेटर इनसाइट्स अब भारत के विभिन्न राज्यों में लघु और मध्यम श्रेणी के उद्यमों के लिए डिजिटल ट्रेनिंग और ब्रांड स्ट्रेटेजी वर्कशॉप आयोजित करने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी का उद्देश्य है कि छोटे शहरों के व्यवसाय भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

## जल जमाव की समस्या को लेकर विधायक का दौरा

# 15 तक व्यवस्था दुरुस्त करें : डॉ नीरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न इलाकों में जल जमाव, सड़क की खराब स्थिति और पेयजल की समस्या को देखते हुए विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को शहर का दौरा किया। उन्होंने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर समस्याओं को लेकर अधिकारियों को गंभीर होने और व्यवस्था को ठीक करने का भी निर्देश दिया। नगर परिषद कार्यालय पहुंचने पर वहां बड़ी संख्या में शहर वासी मौजूद थे। लोगों ने विधायक को विभिन्न इलाकों की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर विधायक डॉ नीरा यादव ने नगर परिषद के प्रशासक अंकित गुप्ता को दिवाली एवं छठ को देखते हुए 15 अक्टूबर तक व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई नहीं होने की लगातार शिकायत आ रही है, इसलिए सुपरवाइजर और सफाई कर्मी का नंबर सार्वजनिक करें। साथ ही कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के पास गाड़ी पलट जाती है, बाजार समिति के पास सड़क की स्थिति खराब है, जल जमाव है, इस स्थिति को भी ठीक करें। विधायक ने कहा कि वह पुनः 15 अक्टूबर को झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न वार्डों और इलाकों का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने लोगों से अपने स्तर से भी सफाई पर ध्यान देने और शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की।

# मेघातारी चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**वाहन चालक गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** बिहार विधान सभा चुनाव - 2025 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी संपन्न कराने झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित मेघातरी मिरर चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान गुरुवार को वाहन से भरी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध अंग्रेजी शराब लोड वाहन मेघातरी चेक पोस्ट से होकर बिहार सीमा में प्रवेश करने वाली है। इस सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी द्वारा चेक पोस्ट पर कार्यरत पुलिस पदाधिकारी, बलों के अतिरिक्त पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने मेघातरी मिरर चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेंकिग की जाने लगी। इस क्रम में संदिग्ध स्कोडा वाहन जेएच 05एपी 6363 को रोका गया। इसकी जांच और तलाशी करने पर विभिन्न ब्रांड का कुल 809 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। मौके पर चालक से पूछताछ के बाद वह संतोषजनक कागजात या लाईसेंस प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इस संबंध में कोडरमा थाना में अवैध शराब तस्करी से संबंधित सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर की जा रही है। गिरफतार अभियुक्त के नाम राजू प्रसाद, पिता- स्व प्रेमचंद प्रसाद, साकिन लोअर चुटिया, थाना नामकुम, जिला रांची है। मामले में स्कोडा कार, शराब ब्लेंडर 750 एमएल- 42 पीस, रॉयल 375 एमएल 117 पीस, रॉयल चैलेंज 180 एमएल 650 पीस बरामद किया गया है।



### चौपारण : भारी मात्रा में शराब और जावा महुआ को किया गया नष्ट

हजारीबाग। जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। चौपारण थाना के भंडार, परसातरी, भगहर झरना, चोढ़ी और अम्बातारी सहित कई गांवों में बिहार मद्य निषेध विभाग, गया के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान छापेमारी दल ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब और उसके कच्चे माल को नष्ट किया। इसमें जावा महुआ और शराब बनाने की सामग्री आदि को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश पर सख्ती से की जा रही है।12

# हीराबाग चौक से कनहरी रोड तक हटाया गया अतिक्रमण

**अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम करेगा कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग नगर निगम के द्वारा हीराबाग चौक से कनहरी रोड तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करना तथा आम जनता के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार और अनिल पांडे ने अभियान की मॉनिटरिंग की। उन्होंने मौके पर उपस्थित दुकानदारों एवं ठेले एवं अन्य लोगों को चेतावनी दी और तुरंत अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। नगर निगम ने शहर वासियों से अपील कि वे सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करें और अतिक्रमण से बचें। सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने बताया कि नगर निगम अतिक्रमण मुक्त सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडे ने बताया कि हीराबाग चौक से कनहरी रोड तक चलाये गये इस अभियान का उद्देश्य शहर की स्वच्छता और यातायात सुगमता को बनाए रखना है। हम चाहते हैं कि हजारीबाग की सड़कों पर सभी के लिए सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित हो।



### नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान, 100 से अधिक कर्मियों को लगा छठ घाट की कराई सफाई



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर नगर निगम ने छठ घाटों की सफाई शुरू कर दी है। गुरुवार को नगर निगम के द्वारा झील परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगर निगम क्षेत्र के 36 वार्डों के 100 से भी अधिक कर्मी सुबह से ही झील परिसर में सफाई कार्य में जुटे रहे। नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर निगम द्वारा झील परिसर के साथ-साथ हुरहुरु तालाब, बुढ़वा महादेव एवं अन्य प्रमुख छठ घाटों पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वच्छता और व्यवस्था दोनों दृष्टि से छठव्रतियों को एक आदर्श वातावरण मिल सके।

## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी का आयोजन परियोजना बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा परिसर में किया गया। उद्घाटन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कृष्णा सिंह, व्यावसायिक समन्वयक मृत्युंजय कुमार, क्षेत्र प्रबंधक, तपेश्वर राणा, प्रभाग प्रभारी विक्रम परमार आदि ने दीप प्रज्वलित किया। प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों में संचालित 63 विभिन्न ट्रेड के मॉडल का प्रदर्शनी 80 छात्र-छात्राओं ने किया। इसमें मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ट्रेड में आर प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर की छात्रा संजना राज, रूबी कुमारी, एग्रीकल्चर ट्रेड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय डोमचांच के भविष्य कुमार, हेल्थकेयर ट्रेड में रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा के शाहबाज अंसारी, उज्जवल कुमार, विशाल कुमार, रिटेल ट्रेड में पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरडीहा के आर्यन कुमार दास, अपेरल ट्रेड में पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय ढाब चंदवारा के शादियां नूर, नाजिया खातून, आटोमोटिव ट्रेड में पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरिया कोडरमा के चंदन कुमार, आशीष कुमार, इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर ट्रेड में आर प्लस टू हाई स्कूल जयनगर के आदर्श कुमार साहू, आईटी में प्लस टू उच्च विद्यालय लतबेधवा के सुमित राणा, प्रिंस राणा, ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड में सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया के शुभम वर्मा, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ट्रेड में रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा की प्रिया कुमारी, मनीषा कुमारी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए इन्हें सम्मान स्वरूप प्रस्तुति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सभी बच्चे आगामी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## मगध सम्राट जरासंध महाराज की मूर्ति को खंडित करने पर चंद्रवंशी समाज ने जताया आक्रोश

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पिछले दिनों बिहार गयाजी जिले के बोधगया के धनवा में मगथ सम्राट जरासंध महाराज की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने पर चंद्रवंशी समाज ने आक्रोश जताया है। साथ ही घटना की कड़ी निंदा की है। चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा अध्यक्ष सह अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय सचिव चंद्रवंशी दीपक कुमार नवीन, मंच सचिव चंद्रवंशी महेश भारती ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि इससे चंद्रवंशी के मान- सम्मान को ठेस पहुंचा है। इससे चंद्रवंशी समाज पूर्ण रूप से आहत है। इसलिए चंद्रवंशी विकास मंच जिला कमेटी मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीताराम चंद्रवंशी,ओम प्रकाश राम, उपेंद्र वर्मा, महेंद्र राम, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राज्य महासचिव चंद्रवंशी राहुल वर्मा, तिलैया से सुधीर चंद्रवंशी, विनोद रवानी धनबाद, पिपचो से सकलदेव राम, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष रवि राम, मीडिया प्रभारी दीपक चंद्रवंशी आदि ने भी विरोध प्रकट करते हुए बोधगया प्रशासन से मांग किया कि असामाजिक तत्वों की अविलंब पहचान कर गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

# दारू में खाद्य सुरक्षा टीम की कई होटलों पर कार्रवाई

**कई होटलों से लिये गये खाद्य पदार्थों के सैंपल, मिलावट मिली तो होगी सख्त कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को दारू बाजार में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रिंस होटल, सिटी स्वीट्स, साईं फास्ट फूड समेत कई दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्र किये। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोहम्मद मंजर हुसैन ने बताया कि सिटी स्वीट्स से पनीर का और प्रिंस होटल से कलाकंद का नमूना लिया गया है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा। अगर इनमें मिलावट पायी गयी तो संबंधित होटलों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रिंस होटल में तेल सही पाया गया, लेकिन कलाकंद का प्रारंभिक परीक्षण (प्राइमली टेस्ट) फेल पाया गया जिसके बाद उसका नमूना संग्रह कर जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा टीम ने क्षेत्र के कई ठेलों और खोमचे में भी सॉस और चटनी की जांच की। जांच के दौरान हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालकर परीक्षण किया गया, जिसमें पीले रंग (येलो कलर) की मिलावट पीय गयी।



मंजर हुसैन ने आम जनता से अपील की है कि वे खाने-पीने की वस्तुएं खरीदते समय यह जरूर पूछें कि उसमें औद्योगिक रंग का उपयोग तो नहीं किया गया है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा टीम में विकास कुमार, सूरज कुमार, शशि भूषण मुंडा एवं धनेश्वर कुशवाहा शामिल थे।

# बीएम मेमोरियल स्कूल में कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन



**22 बच्चे को व्हाइट बेल्ट से येलो बेल्ट के लिए किया पदोन्नति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में कराटे का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर व संचालन उपप्राचार्य पूनम कुमारी एवं शिक्षक ऋषभ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान 22 विद्यार्थियों को क्यूसी नरेंद्र सिंहा, सेंसाई शशि पांडेय, सेमपाई विनय कुमार ने ग्रेडिंग किया एंव व्हाइट बेल्ट से येलो बेल्ट के लिए किया पदोन्नति किया गया। मौके पर मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वहीं उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्या भी सीखने के लिए प्रेरित करें। यह सभी कराटे खिलाड़ियों की मेहनत और उनके अभिभावकों के समर्थन का परिणाम है की बड़कागांव जैसे ग्रामीण जगह से आज छोटे-छोटे बच्चे व्हाइट बेल्ट से येलो बेल्ट की ओर पदोन्नति किए हैं। मौके पर क्यूं सी नरेंद्र सिंहा एवं सेसाई शशि पांडे ने संयुक्त रूप से कहा कि बी.एम. मेमोरियल स्कूल के द्वारा बच्चों को करने का प्रशिक्षण दिया जाना काफी सराहनीय कार्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे काफी अच्छा प्रदर्शन किये हैं। कराटे शिक्षिका अनु कुमारी ने कहा कि हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी सेल्फ डिफेंस के लिए कराटे का प्रशिक्षण दे रहे हैं क्योंकि आज के युग में लड़कियां लड़के से काम नहीं है। मौके पर प्राचार्य कैलाश कुमार, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, ब्रह्मदेव सिंह चौहान, सुमित, महेंद्र, मुकेश दास, सोनू कुमार, कृष्ण कुमार, राजेश, ऋषभ अग्रवाल, आनंद राज, शंकर कुमार, कुलदीप रंजन, एरिका टोप्पो, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, अंजली मिश्रा, गंगा भारती, अफसाना परवीन, स्नेहा कुमारी, अंजनी कुमारी, सावित्री टुडू , रेखा कुमारी, अन्नीदिता दास, विकास ठाकुर, सुभाष, रंजन, आदित्य सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, अंचल कार्यालयों से लेकर विभागीय स्तर तक मची है लूट : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

**अखिल भारतीय किसान सभा करेगी राज्यव्यापी आंदोलन**

**15 नवंबर से 25 दिसंबर तक धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम तय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने गुरुवार को सीपीआई पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार अब एक प्रथा बन चुका है। सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा है।



श्री मेहता ने कहा कि अंचल कार्यालयों में दाखिल-खारिज, ऑनलाइन प्रक्रिया और एलपीसी (भूमि दस्तावेज) लेने के लिए प्रति डिसमिल 2500 से 5000 रुपये तक वसूला जा रहा है। बिना रिश्वत के किसी का भी कार्य संपन्न नहीं होता। उन्होंने बताया कि जिला परिषद, नगर निगम, आरईओ, ग्रामीण विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी पथ एवं भवन निर्माण विभाग सभी जगह लूट और भ्रष्टाचार व्याप्त है।

पूर्व सांसद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गैर-मजरूआ जमीनों की अवैध बंदोबस्ती बड़े पैमाने पर की जा रही है। केवल केरेडारी, बड़कागांव, सदर, कटकमसांडी और कटकमदाग अंचल में लगभग 20 से 25 हजार एकड़ भूमि अवैध रूप से बंदोबस्त की गयह है। बड़कागांव में अवैध बंदोबस्त की जांच हेतु गठित एसआईटी की रिपोर्ट राजस्व विभाग के पास लंबित है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया गया है।

अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में भी लोगों को 20,000 से 25,000 रुपये तक रिश्वत देनी पड़ रही है, जिससे गरीब जनता परेशान है।

श्री मेहता ने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। 15 नवंबर से पूर्वः झारखंड के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन, 15 नवंबर से 30 नवंबरः सभी जिला मुख्यालयों पर महाधरना और 15 दिसंबर से 25 दिसंबरः राजभवन रांची के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि इन गंभीर मामलों पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए ठोस कार्रवाई करें, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। प्रेस वार्ता में सीपीआई जिला सहसचिव निजाम अंसारी, खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम, जिला अध्यक्ष अशोक राम, शौकत अनवर, अब्दुल मजीद, मो इंतियाज, अधिवक्ता शंभू, सुदेशी, अनंत, महेंद्र, अशोक उपस्थित थे।

## माता वैष्णो देवी मंदिर में करवा चौथ व्रत कथा आज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे से करवा चौथ व्रत कथा का आयोजन किया गया है। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव महेश मारवाह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि व्रतधारी महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में मां करवा की कथा सुनाने का विशेष प्रबंध किया गया है। करवा चौथ की कथा माता वैष्णों देवी मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा परंपरागत ढंग से सुहागिन महिलाओं को सुनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाये जाने वाला करवा चौथ व्रत का त्यौहार सौभाग्यवती महिलाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है, इसलिए निर्धारित समय पर व्रतधारी महिलाएं कथा सुनने के लिए मंदिर परिसर अवश्य पहुंचे। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के पदाधिकारियों ने कथा सुनाने की तैयारी विशेष रूप से पूर्ण कर ली है।

## झारखंड चैंबर के विशेष आमंत्रित सदस्य बने अमित साहू, जताया आभार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निवर्तमान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू को फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। ज्ञात है कि लगातार तीन वर्षों तक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अमित साहू ने एक अमिट छाप छोड़ी है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने एक बार पुनः अमित साहू के किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और अमित साहू के द्वारा उद्योग और व्यापार के समस्याओं के समाधान हेतु निरंतरण प्रयासों के सार्थक रूप देते हुए उन्हें विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में एक नयी जिम्मेदारी दी है। साथ ही भरोसा जताया है कि आगे भी फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा उद्योग और व्यापार के हितों में जो भी समस्या आयेगी वह समस्याओं के निराकरण के लिए सार्थक प्रयास करते रहेंगे। अमित साहू ने अपने मनोनयन पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया है।

## मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑटो एनलाइजर मशीन की सुविधा शुरू



**मांडू (आजाद सिपाही)।** अब मांडू क्षेत्र के ग्रामीणों को सामान्य जांच के लिए रामगढ़ या हजारीबाग भटकना नहीं पड़ेगा। मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अत्याधुनिक ऑटो एनलाइजर मशीन के माध्यम से करीब दो दर्जन पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा शुरू होने जा रही है। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इसके लिए ग्रामीणों को मामूली शुल्क देना पड़ेगा। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा एवं बीपीएम राहुल कुमार ने जानकारी दी कि मशीन का इंस्टॉलेशन कार्य जारी है और एक-दो दिनों में यह पूर्ण रूप से चालू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यह मशीन टीपी, टीआरआइजी, कोलेस्ट्रॉल, एसजीपीटी, एसजीओटी, यूरिया, बिलरूबिन, सीआरपी, बीडी, क्रिएटिनिन, एएलपी, सोडियम, पीएचडीएल, कैल्सियम, पोटेशियम, क्लोराइड, ग्लूकोज, यूरिक एसिड, बीटी सहित लगभग 24 प्रकार की जांच करने में सक्षम है। बीपीएम राहुल कुमार ने बताया कि अगले सोमवार से जांच की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जायेगी। फिलहाल कुछ आवश्यक केमिकल की आपूर्ति की प्रतीक्षा की जा रही है, जिसके पहुंचते ही मशीन पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करने लगेगी। इस नयी सुविधा के शुरू होने से मांडू प्रखंड के हजारों ग्रामीणों को काफी लाभ होगा। ग्रामीणों ने इस पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में यह सुविधा शुरू होने से आम जनता को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधा मिलेगी। यह स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ऐतिहासिक मुड़मा जतरा में शामिल होने गरसुला पंचायत से सैकड़ों लोग पहुंचे



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह मुड़मा में शामिल होने के लिए गुरुवार को राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया के नेतृत्व में हजारीबाग जिला से हजारों श्रद्धालु रवाना हुए। इसी क्रम में बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरसुला पंचायत से सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था मुड़मा जतरा में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया ने कहा कि यह जतरा सरना धर्मावलंबियों के लिए आस्था और एकता का प्रतीक माना जाता है, जिसमें झारखंड समेत आस-पास के राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होतें हैं। वहीं श्रद्धालुओं में जतरा को लेकर काफी उत्साहित दिखे और पारंपरिक रिति-रिवाजों के साथ रवाना हुए। रवाना होने वालों में राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया, लखन बेदिया, सुनील बेदिया, राजेश बेदिया, विनोद बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, रमेश सिंह, खैटा करमाली, रामजीत बेदिया, देवानंद भुइयां,सोधी बेदिया,सीता बेदिया, कलावती देवी,मंजू देवी, ललिता देवी, फुलो देवी, उर्मिला, सुकुरमनी देवी,निरासो देवी,मखवा देवी, प्रियंका कुमारी, सीता कुमारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू



गोला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत सुतरी गांव से की गयी। इस अभियान का शुभारंभ झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, विधायक ममता देवी, पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल जी, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सीपी संतन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान में शामिल हुए।

## आइपीएल प्लांट में मजदूर की मौत

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टोनागातू स्थित इंलैंड पावर प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की मौत गुरुवार को संदेहास्पद स्थिति में हो गई। प्रबंधन के द्वारा दिये गए जानकारी के अनुसार सुबह के समय में ड्यूटी के दौरान पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा निवासी मृतक शुभम मंडल उम्र 32 वर्ष अचानक चक्कर खाकर गिर गया। इस दौरान कार्यरत मजदूरों के बीच खलबली मच गयी। मजदूरों ने इसकी जानकारी फैक्ट्री प्रबंधन को दी। जानकारी पर फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे कार्यरत चालक व अन्य मजदूरों की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### अंतर जिला स्तरीय उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र की बैठक, 35 बिंदुओं पर समीक्षा

# संगठित गिरोह के खिलाफ होगी सीसीए की कार्रवाई : आइजी

**बैठक में सा जिलों के एसपी हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र में आने वाले सात जिलों को अपराध मुक्त और नशा मुक्ति बनाने में पुलिस की भूमिका बेहद अहम है। संयुक्त रूप से होने वाली कार्रवाई से ना सिर्फ अपराध पर अंकुश लगता है, बल्कि नशे के व्यापार की कमर टूट जाती है। इसी उद्देश्य से उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर ने रामगढ़ में गुरुवार को अंतर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में 7 जिले के एसपी शामिल हुए। बैठक में धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार, हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन, बोकारो एसपी हरमिंदर सिंह, चतरा एसपी सुमित अग्रवाल, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, के अलावा पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स उपस्थित थे।



### 35 बिंदुओं पर आइजी ने की समीक्षा

बैठक के दौरान आइजी सुनील भास्कर ने सभी सात जिलों के एसपी से नक्सली वारदात, सांप्रदायिक समस्या, अफीम की खेती और नशे के व्यापार पर गहन चर्चा की। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों का पालन करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने बीट पुलिसिंग और रक्षक ऐप के उपयोग पर भी सभी एसपी से अपडेट मांगी। महिलाओं के विरूद्ध लैंगिक अपराध एवं पोक्सो कांड, एनडीपीएस काण्ड, लंबित कांडों की विवरणी सहित 35 बिंदुओं पर गहनता पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठित गिरोह के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई की जायेगी।

### आइजी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

रामगढ़ एसपी कार्यालय पहुंचते ही बोकारो जोन के आइजी सुनील भास्कर को सर्व प्रथम सार्जेंट मेजर मंटू यादव के द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। एसएसपी धनबाद, एसपी हजारीबाग, बोकारो, चतरा, गिरिडीह एवं कोडरमा के रामगढ़ जिला आगमन पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

### त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने का दिया निर्देश

आइजी सुनील भास्कर ने सभी जिले के एसपी को दुर्गा पूजा में शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए बधाई दी। साथ ही आगामी दिवाली, छठ जैसे बड़े त्योहार पर भी शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने साइबर अपराध के रोकथाम को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर आम जनता को जागरूक करने का निर्देश दिया।

## ओरला चोरी कांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** गत दो अक्टूबर को ओपी क्षेत्र के ओरला गांव में दो भाईयों के घर हुए चोरी की भीषण घटना का गुरुवार को कुजू पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिसिया जांच के दौरान चोरी मामले में संलिप्त दो चोरों को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार ने कुजू ओपी परिसर में बताया कि गत दो अक्टूबर को विजयादशमी की शाम ग्राम ओरला के सुंडी टोला में अनिल कुमार एवं प्रेम कुमार के घर में चोरी की घटना हुई थी। अनुसंधान के क्रम मे तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्तचरों के माध्यम से इस कांड का खुलासा किया गया। जिसमें उक्त घटना में तोपा निवासी अनिल रविदास एवं मो रउफ उर्फ टुपा के शामिल होने की बात सामने आयी। उक्त दोनों के गिरफ्तारी को लेकर छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तोपा बस्ती निवासी अनिल रविदास (35 वर्ष) और मो रउफ उर्फ टूपा (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया। साथ ही, अभियुक्त अनिल कुमार रविदास की निशानदेही पर तोपा बस्ती पंचायत भवन के समीप पुराना बंद पड़ा कांटा के पास से जमीन में गाड़ कर रखा गया चोरी का सामान सोना एवं चांदी का आभूषण और चोरी करने में प्रयुक्त हथियार बरामद किया। वहीं, अभियुक्त अनिल कुमार रविदास के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में तोपा स्थित बी टाइप कॉलोनी में गत 23 सितंबर को एक क्वार्टर में मौजूद महिला के गर्दन पर हथियार रख कर चोरी करने की बात स्वीकारी है। छापामारी टीम में मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार समेत कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि ओमकार पाल, आशीष कुमार गौतम, रौशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। इधर, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को रामगढ़ न्यायिक हिरासत भेज दिया हैं। मालूम हो कि ग्राम ओरला निवासी अनिल कुमार और प्रेम कुमार (दोनो चचेरे भाई) विजयदशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम सह मेला देखने को लेकर पब्लिक हाई स्कूल, कुजू गये थे। इसी बीच मौका देखकर चोरों ने दोनों भाई के घरों में घुसकर करीब 12 लाख रुपए के आभूषण समेत करीब 50 हजार रुपये नगद की चोरी कर ली थी।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक बटुका गांव में गुरुवार को सिमराटांड के विस्थापितों के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत मांझी व संचालन मंजू मुर्मू ने किया। इस दौरान विस्थापितों ने कहा कि हम लोगों के जमीन पर पीटीपीएस का प्लांट हुआ करता था वह आज धराशाही हो गया है। अब पीवीयूएनएल का प्लांट निर्माण किया जा रहा है जिसमें हम विस्थापितों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को काम में रखा जा रहा है। इसलिए 14 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पीवीयूएनएल गेट के समीप किया जायेगा। इस मौके पर प्रदीप महतो श्रीदेवी फुल मनी देवी सुष्मिता देवी संगीता हसदा पुष्पा हेंब्रम रीता देवी मीना देवी अनीता देवी पार्वती देवी फूलमानी देवी शांति देवी खुशबू हेंब्रम सहित कई विस्थापित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0' का शुभारंभ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री जी द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैंपेनिंग 3.0 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे, अपने कार्यालय परिसर को तंबाकूमुक्त रखेंगे तथा अपने मित्रों और परिचितों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों से समाज को बचाने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। हर घर को तंबाकूमुक्त बनाने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। युवाओं को नशे की लत से दूर रखना ही इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाए और 100 मीटर की परिधि में किसी भी तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन कराया जाये। शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। अभियान के तहत 9 अक्टूबर से 7 दिसंबर तक जिले के लगभग 400 स्कूलों और कॉलेजों को तंबाकूमुक्त घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। जन जागरूकता के लिए अधिकारियों, डॉक्टरों, खिलाड़ी, सेलिब्रिटीज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से टॉक शो, हस्ताक्षर अभियान, प्रभात फेरी, वॉल पेंटिंग आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा कम से कम 30 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित करने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद, सिमरिया प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद, जिला परामर्शी रश्मि, संगीता, लूसीबाला एक्का, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी तथा उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## हंटरगंज में देशी शराब की भट्ठियां ध्वस्त



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार सीमावर्ती क्षेत्र जबड़ा और कोसमाही गांव के जंगल में गुरुवार को अवैध महुआ शराब के खिलाफ हंटरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर छापेमारी करते हुए यह कार्रवाई की गयी है। इस दौरान पुलिस ने 6 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया तथा, देशी शराब बनाने वाले उपकरणों को आग के हवाले करते हुए, 25 किलो जावा महुआ को भी नष्ट किया है। हालांकि इस दौरान अवैध शराब के कारोबारी जंगल का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में की गयी है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध देशी शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया गया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के बॉर्डर से सटे गांव जबड़ा और कोसमाही के जंगल में संचालित अवैध देशी शराब भट्ठी से शराब निर्माण कर बिहार भेजा जाता है। एसपी के निर्देश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त स्थल पर पहुंचकर 6 भट्ठियों में लगभग एक हजार किलो जावा महुआ नष्ट करते हुए शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण प्लास्टिक का ड्रम को आग के हवाले कर दिया है।

## क्रीड़ा भारती की बैठक में खेल-कूद प्रतियोगिता पर मंथन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** क्रीड़ा भारती की एक बैठक गुरुवार को थाना चौक स्थित रेड चिल्ली होटल के सभागार में हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री उमेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुशांत पाण्डेय और संचालन जिला मंत्री जन्मेजय प्रताप ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिन्हा ने किया। बैठक में आगामी योजनाओं और कबड्डी का प्रचार प्रसार व खेल कैसे ज्यादा से ज्यादा हो सके। इसपर विचार विमर्श किया गया। बैठक में राजीव रंजन प्रसाद, धीरज पाराशर, आदित्य सिंह, वरुण बगड़िया, अमित खेतान, उमेश कुमार, रांची के जिला अध्यक्ष रवि मुंडा क्रीड़ा भारती की युवा आयाम प्रमुख मोनू शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला

## मोबाइल की बजाय परिवार संग समय बितायें : डॉ रेणु

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ कैंट के तत्वाधान में गुरुवार को आर्मी पब्लिक स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषयः 'मोबाइल एडिक्शन का मानसिक और शारीरिक प्रभाव था' इस दौरान मिलिट्री हॉस्पिटल की एक टीम कर्नल दिव्यै सैब, डॉ रेनू गहलोत रॉय, लेफ्टिनेंट कर्नल संध्या एस, लेफ्टिनेंट कर्नल श्रावणी रॉय, मेजर सोनिया आर ने विद्यालय के कक्षा पांचवी के बच्चों का निरीक्षण किया। जिसमें बहुत से बच्चों में मोबाइल एडिक्शन की समस्याओं के साथ अन्य समस्याएं भी देखने को मिली। बच्चों का आकलन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ रेनू ने मोबाइल की लत से होने वाले मानसिक और शारीरिक प्रभाव के बारे में जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक जीवन कौशल और समय प्रबंधन से हम बहुत आगे बढ़ सकते हैं। अनावश्यक मोबाइल पर समय व्यतीत करने के बजाय वह परिवार के साथ समय बिताये परिवार के साथ खेलकूद गतिविधियों में भाग ले क्रिएटिव रचनाएं करें। उन्होंने बच्चों को बताया कि अन्य बच्चों के साथ बात करने से खेलने कूदने से कम्युनिकेशन स्किल और सामाजिक जीवन बेहतर बनता है। बच्चों ने उत्साहित होकर हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल ने आभार जताया उनके साथ अन्य अध्यापक भी उपस्थित थे।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.ST-OT-OUT-SOURCING-KUR-502, दिनांक : 06.10.2025

**कार्य का नाम :** 02(दो) वर्षों की अवधि के लिए खोरधा रोड मण्डल में सिग्नल और टेलीकॉम रख-रखाव गतिविधियों को मजबुत करने के लिए जनशक्ति की आउटसोर्सिंग।

**निविदा मूल्य (रुपये में) :** 19,49,99,474.07, EMD (रुपये में) : 11,25,000/-, निविदा दस्तावेज की लागत(रुपये में) : 11,800/-।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक : 17.10.2025, **निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक : 31.10.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर/ खोरधा रोड

PR-668/Q/25-26



Before the executive magistrate, Ranchi

**AFFIDAVIT**

I,Taigar Kumar Singh s/o Satynarayan Singh R/O Vill. Bhuiyan Kurha, Post Thana Panki, Dist. Palamu, Jharkhand do hereby solemnly affim as under :-

1. That my true and correct name is Taigar Kumar Singh & my date of birth is 05/08/2006 which is mentioned in my Educational certificate of Matric & Birth certificate.
2. That in Adhar card no.2846 7336 7652 my name is written as Abhijeet Ranjan & Date of birth is 10/02/2010 due to mistake.
3. That this affidavit is made for correction of my name as Taigar Kumar Singh & Date of birth as 05/08/2006 in my Adhar card for necessary purposes.
4. That the statements made above are true and correct. if found wrong I am liable for the same.

Sl. No.- 4311, Date : 9.10.2025


## प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आदित्य प्रसाद साहू का रामगढ़ में भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ द्वारा होटल सैनी के समीप प्रदेश के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आदित्य प्रसाद साहू का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में किया गया। डॉ साहू सपरिवार माता छिन्नमस्तिके का आशीर्वाद लेने कुचू ओरमांझी से रजरप्पा मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान थोड़ी देर वे कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए रुके, जहां भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओ ने उन्हें अंग वस्त्र, बुके और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि बुथ से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के सफर के पीछे डॉ आदित्य साहू का अथक परिश्रम और धैर्य का ही परिणाम है। साधारण से असाधारण बनने की एक लम्बी लकीर कैसे खींची जाती हैं यह सभी कार्यकताओं के लिए अनुकरणीय है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणनंजय कुमार, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी अमरनाथ चौधरी, वरिष्ठ नेता डॉ संजय प्रसाद सिंह, उमेश प्रसाद, दीपक सोनकर,जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी, दिनेश प्रसाद महेंद्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजय प्रभाकर, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू राम, जिला मीडिया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, जगदीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आदित्य साहू ने रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** नये कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद गुरुवार को पहली बार आदित्य साहू रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के दरबार पहुंचे, मंदिर मे पूजाअर्चना कर रक्षा सूत्र बंधवाए और आशीर्वाद लिया। रजरप्पा पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता सह रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने उन्हें बुके एवं मां छिन्नमस्तिका की स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं आदित्य साहू ने मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना की और समस्त झारखंड वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी छोटू पंडा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवायी और रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद दिया।

# अमेरिका में 'तुगलक'

मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के साथ वापसी करनेवाले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश के सामने प्रवासियों को एक बड़ी समस्या की तरह पेश किया। उनकी नीतियों के हिसाब से प्रवासी ऐसे 'खलनायक' हैं, जिन्होंने अमेरिकियों से रोजी-रोटी छीन ली है। हालांकि इसकी वजह से खुद अमेरिका के भीतर केंद्र बनाम राज्य की एक बड़ी लड़ाई शुरू हो चुकी है और शिकागो में जो हो रहा है, यह उसी की एक झलक है।

**ट्रंप का बहाना :** ट्रंप ने पड़ोसी राज्य टेक्सस से शिकागो में नैशनल गार्ड्स की टुकड़ी भेज दी है। ट्रंप का कहना है कि देश के कुछ बड़े शहर अवैध प्रवासियों से भर गये हैं और अपराध का अड्डा बन चुके हैं। वहीं, शिकागो के मेयर का कहना है कि अपराध कुछ सीमित इलाकों में ही है। असल में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन खतरे को बड़ा दिखा कर जनता में डर भरना चाहता है, ताकि वे उसके फैसले को मान लें।

**लॉस एंजिलिस से नहीं सीखा :** जनवरी में सत्ता संभालने के बाद से ट्रंप ऐसी ही कोशिश दूसरे विपक्षी राज्यों में भी कर चुके हैं। कुछ महीनों पहले उन्होंने इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट को लॉस एंजिलिस में उतार दिया था। वहां भी कारण अवैध प्रवासी बताये गये। लेकिन, जब सेंट्रल फोर्स ने कार्रवाई शुरू की, तो लॉस एंजिलिस ही नहीं, पूरा कैलिफोर्निया सुलग उठा।

> ट्रंप का कहना है कि देश के कुछ बड़े शहर अवैध प्रवासियों से भर गये हैं और अपराध का अड्डा बन चुके हैं। वहीं, शिकागो के मेयर का कहना है कि अपराध कुछ सीमित इलाकों में ही है। असल में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन खतरे को बड़ा दिखा कर जनता में डर भरना चाहता है, ताकि वे उसके फैसले को मान लें।

**गृह युद्ध से तुलना:** इस घटना के दो पहलू हैं - राजनीतिक और संवैधानिक। टेक्सस में रिपब्लिकन पार्टी की सरकार है, जबकि शिकागो जिस Illinois राज्य में आता है, वहां डेमोक्रेट्स की। ऐसे में सियासी बवाल तो होना ही था। साथ में ऐसी स्थिति भी बन गयी है, जहां दो राज्य आमने-सामने हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि इसलिए इसकी तुलना 1861 के गृह युद्ध से की जा रही है, तब भी उत्तरी और दक्षिणी राज्यों के बीच गहरी राजनीतिक-सामाजिक दरार पड़ गयी थी।

**असहमति पर हमला :** ट्रंप का यह कार्यकाल अभी तक अनिश्चित नीतियों, धमकियों और बदले का रहा है। जो उनके साथ हैं, उन्हें 2021 की US Capitol Hill जैसी घटना के लिए भी माफी मिल गयी, जबकि असहमति रखने वालों को नौकरी से निकाल दिया गया। यह असहमति उन्हें राजनीति में भी गंवारा नहीं। प्रवासियों के बहाने विरोधी राज्यों के खिलाफ सुव्यवस्थित कार्रवाई दरअसल उनका शक्ति प्रदर्शन है - जो वह विदेश नीति में भी दिखाते रहते हैं। ट्रंप की MAGA की लड़ाई संघ बनाम राज्य, मानवाधिकार बनाम देश की सुरक्षा और संविधान बनाम जिद पर आ टिकी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

रानी दुर्गावती का जीवन एक किंवदंती इसलिए बना, क्योंकि उन्होंने इतिहास में निष्क्रिय पात्र बनकर रहने से इनकार कर दिया। आक्रमणकारी मुगल शक्तियों का सामना करते हुए उन्होंने अपने राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व अपने कंधों पर लिया। एक ऐसी महिला, जिसने नेतृत्व किया, निर्णय लिए और अंततः बलिदान दिया – रानी दुर्गावती ने स्वयं को एक क्षेत्रीय शासक से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किया। आज, चाहे उन्हें लोककथाओं, स्मारकों या मध्य भारत की संस्कृति में याद किया जाए, वे इस सत्य की जीवंत मिसाल हैं कि नेतृत्व किसी एक लिंग की सीमाओं में नहीं बंधता।

# रानी दुर्गावती: नारी शक्ति की वह मशाल, जो सदियों से जलती आ रही है



**सावित्री ठाकुर**



भारत के मंत्रालयों, नीतियों और प्रमुख कार्यक्रमों की कल्पना से भी सदियों पहले, गोंड साम्राज्य की एक आदिवासी युवा रानी अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रही, जिसने आत्मसमर्पण के बजाय सम्मान, साहस और कर्तव्य का मार्ग चुना। भारत में वीरता और पराक्रम की प्रतीक के रूप में याद की जाने वाली रानी दुर्गावती आज भी सार्वजनिक जीवन, व्यवसाय, विज्ञान और नागरिक सेवाओं को नयी दिशा देने वाली महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं।

उनकी 501वीं जयंती के अवसर पर हम उस गाथा और उन मूल्यों को याद करते हैं, जो 16वीं शताब्दी के युद्धक्षेत्रों से लेकर आधुनिक भारत की नीतियों तक एक सतत प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

### साहस की प्रतिमा

रानी दुर्गावती का जीवन एक किंवदंती इसलिए बना, क्योंकि उन्होंने इतिहास में निष्क्रिय पात्र बन कर रहने से इनकार कर दिया। आक्रमणकारी मुगल शक्तियों का सामना करते हुए उन्होंने अपने राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व अपने कंधों पर लिया। एक ऐसी महिला, जिसने नेतृत्व किया, निर्णय लिए और अंततः बलिदान दिया। रानी दुर्गावती ने स्वयं को एक क्षेत्रीय शासक से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किया। आज, चाहे उन्हें लोककथाओं, स्मारकों या मध्य भारत की संस्कृति में याद किया जाये, वे इस सत्य की जीवंत मिसाल हैं कि नेतृत्व किसी एक लिंग की सीमाओं में नहीं बंधता।

> रानी दुर्गावती ने स्वयं को एक क्षेत्रीय शासक से आगे बढ़ा कर राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किया।

### प्रतीक से नीति तक: भारत इस कर्तव्य का निर्वहन करता है

आधुनिक भारत में महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण की जो संरचना आज दिखाई देती है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और संबद्ध विभागों द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है, वह उसी कर्तव्य भावना और सार्वजनिक उत्तरदायित्व से प्रेरित है, जिसका उदाहरण रानी दुर्गावती ने अपने जीवन में प्रस्तुत किया था। जिस प्रकार रानी ने अपने समय में राज्य और प्रजा की रक्षा का दायित्व निभाया, उसी प्रकार आज की सरकार विभिन्न मोर्चों पर महिलाओं के अधिकारों, अवसरों और समान भागीदारी की रक्षा और विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

**शिक्षा और सामाजिक समरूपता:** लड़कियों की शिक्षा में सुधार और लैंगिक अंतर को कम करने के उद्देश्य से लागू किये गये कार्यक्रम आज समाज की नींव को मजबूत कर रहे हैं।

**आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता:** कौशल विकास पहलों से लेकर ऋण और बाजार तक पहुंच प्रदान करने वाली योजनाएं महिलाओं को उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम बना रही हैं। ये प्रयास आधुनिक शासन और निर्णय-निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**सुरक्षा और कानूनी संरक्षण:** वन स्टॉप सेंटर और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाएं महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इन पहलों ने यह सिद्ध किया है कि भय या असुरक्षा किसी महिला की प्रगति और आवाज को सीमित नहीं कर सकती।

**स्वास्थ्य और मातृ देखभाल:** मातृ स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाएं केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे महिलाओं के समग्र कल्याण का प्रतीक हैं। ये प्रयास महिलाओं को स्वस्थ, आत्मविश्वासी और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए सशक्त करते हैं।

**जमीनी स्तर पर शासन और प्रतिनिधित्व:** पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहलें लोकतांत्रिक शासन को और समावेशी बना रही हैं। यह उसी राजनीतिक दूरदर्शिता की झलक है, जो रानी दुर्गावती ने अपने राज्य के संचालन में प्रदर्शित की थी।

### जीवन और उपलब्धियों में मापी गयी प्रगति

पिछले कुछ दशक उल्लेखनीय प्रगति के साक्षी रहे हैं - महिला साक्षरता और कार्यबल में भागीदारी में वृद्धि, निर्वाचित पदों पर महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति, उद्यमिता में तेजी से उभार, और सुरक्षा एवं समान अवसरों के प्रति समाज की बढ़ती संवेदनशीलता ने भारत को एक नयी दिशा दी है।

ये बदलाव केवल आंकड़े भर नहीं हैं; ये उसी सिद्धांत की आधुनिक अभिव्यक्तियां हैं, जो रानी दुर्गावती के जीवन ने सिखाया था कि जब महिलाएं हर परिस्थिति के लिए सुसज्जित और सशक्त होती हैं, तो वे समाज को नया आकार देती हैं।

### रानी दुर्गावती की विरासत एक आधारशिला

रानी दुर्गावती के उदाहरण को विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण बनाता है, उनका दोहरा स्वरूप - नैतिक और व्यावहारिक।

नैतिक स्तर पर वे गरिमा, साहस और ज़िम्मेदारी की प्रतीक हैं, जबकि व्यावहारिक स्तर पर उनका जीवन महिलाओं को निर्णयकर्ता और लोककल्याण की रक्षक के रूप में स्थापित करता है। यह दोहरी विरासत पीढ़ियों से भारत की नागरिक चेतना का हिस्सा रही है और इसी ने महिला सशक्तिकरण की नीतियों और पहलों को समाज में गहरी जड़ें जमाने में सहायता की है।

### विकसित भारत के लिए नया दृष्टिकोण

जैसे-जैसे देश विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर है, उसे विकास को महिलाओं की भागीदारी के पैमाने और समानता के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।

महिला-केंद्रित विकसित भारत में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को विकास के लिए एक अतिरिक्त साधन नहीं, बल्कि विकास का मुख्य सूचक माना जायेगा।

व्यावहारिक रूप से इसका अर्थ है कि देश की प्रगति को केवल प्रमुख कल्याण संकेतकों से नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों - बोर्ड, लोक सेवा और सामुदायिक संस्थानों में महिलाओं के नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी से भी मापा जाएगा।

इस प्रकार, उन नीतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो अवैतनिक देखभाल - जैसे बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल और सामुदायिक सहायता - के बोझ को कम करें, ताकि महिलाओं के पास सार्वजनिक और आर्थिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी के लिए पर्याप्त समय और अवसर उपलब्ध हो। इस प्रकार, अतीत के साहस को भविष्य की संभावनाओं से जोड़ते हुए, रानी दुर्गावती की कहानी केवल एक धरोहर नहीं है, बल्कि इस बात का जीवंत प्रमाण है कि भारत क्या बन सकता है।

उनका साहस यह संदेश देता है कि महिलाओं को सार्वजनिक जीवन और भविष्य को आकार देने का समान अधिकार है।

आज, भारत के मंत्रालयों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का दायित्व है कि वे उस अधिकार को- स्कूलों और अस्पतालों के माध्यम से, कानूनों और आजीविकाओं के माध्यम से, सुरक्षित सड़कों और समान बोर्डों के माध्यम से - रोजमर्रा की वास्तविकता में बदलें।


यदि विकसित भारत की नब्ज उसकी महिलाओं की शक्ति से मापी जाती है, तो रानी दुर्गावती को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि वह शक्ति हर महिला तक पहुंचाई जाये। अंततः, रानी की सबसे महान विरासत कोई पत्थर का स्मारक नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्र है, जहां लाखों महिलाएं जीवन के हर मंच से - चाहे वह घर हो, बाजार हो, विज्ञान हो या शासन - नेतृत्व करें। वे 21वीं सदी में साहस और नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ायें।

**(लेखक : महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# जेल से छूटते ही फिर सक्रिय हुआ कुख्यात सौरभ चौधरी

- देसी कट्टा और जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार
- गोलमुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- रंगदारी वसूलने और धमकी देने का कर चुका था सिलसिला शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कुख्यात अपराधी सौरभ चौधरी उर्फ पूरण चौधरी को गोलमुरी पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और दो 0.303 बोर की जिंदा गोलियां बरामद की। जिनमें से एक गोली लोडेड अवस्था में था।जेल से रिहा होते ही सौरभ ने अपने पुराने आपराधिक साथी देवेन्द्र सिंह उर्फ 'आई लव पंजाब' के साथ मिलकर रंगदारी वसूलने और धमकी देने का सिलसिला शुरू कर दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

### व्यापारियों से कर रहा था अवैध वसूली

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी सौरभ चौधरी शहर के व्यवसायियों, ठेकेदारों और साहूकारों से जबरन रंगदारी वसूल रहा है। पुष्टि के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान उसने अपराध स्वीकार किया और बताया हथियार उसके साथी देवेन्द्र ने उपलब्ध कराया है।

### कई राज्यों में दर्ज हैं संगीन मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सौरभ चौधरी पर झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, रंगदारी, अवैध हथियार और पुलिस पर हमले जैसे 16 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं। जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में हाल ही में उसके खिलाफ कार्रवाई हुई थी।

### पुलिस की तत्परता से बढ़ा भरोसा

कार्रवाई का नेतृत्व गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन ने की।टीम में पुलिस उप निरीक्षक गौरव सिंह, राजन रौशन सिन्हा, अभय मिंज, विकास कुमार, अजीत प्रकाश, आरक्षी आद्या शरण राय और मनीष कुमार शामिल रहे। टीम की त्वरित कार्रवाई से आम लोगों में कानून-व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी देवेन्द्र सिंह की तलाश में जुट गयी है।

## घाटशिला उपचुनाव : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

# निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** आगामी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025 को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सभी कोषांगों के वरीय एवं सहायक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। गुरुवार को बैठक में श्री सत्यार्थी ने कहा सभी कोषांग मिशन मोड में कार्य प्रारंभ करें और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रमवार सभी कोषांगों की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उनके क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को सर्वोपरि बताते हुए सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों को भलीभांति समझ कर निर्वहन करने को कहा। स्वीप कोषांग को मतदाता जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। कार्मिक कोषांग को त्रुटिरहित सूची तैयार करने, प्रशिक्षण कोषांग को प्रशिक्षण कैलेंडर अंतिम रूप देने, इवीएम कोषांग को आवश्यक इवीएम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वाहन कोषांग को वाहनों की व्यवस्था करने और सोशल मीडिया निगरानी को सुदृढ़ करने के निर्देश दी गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, डीटीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डेंड्राइट का नशा बना जानलेवा, भूखे पेट सोये किशोर की अगली सुबह मिली लाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** नशे की लत एक बार फिर मौत की वजह बन गई। पटमदा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह डेंड्राइट का नशा करने वाले एक किशोर का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृत किशोर पटमदा के बामनी टोला का निवासी था। बुधवार की रात उसे बेलटांड़ स्थित दुर्गा पूजा मंडप के पास डेंड्राइट सूंघते हुए देखा गया था। ग्रामीणों ने अनुसार किशोर नशा के बाद भूखे पेट सोने चला गया था। गुरुवार सुबह उसका शव मिला। शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलने पर पटमदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि प्रथम दृष्टया यह मामला डेंड्राइट नशे से मौत का माना जा रहा है।

**इलाके में बढ़ रही नशे की लत, प्रशासन चुप्पी,सख्त कार्रवाई की मांग :** स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में डेंड्राइट और अन्य नशे की उपयोग करने वाले किशोरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में शोक और चिंता का माहौल है। परिजन एवं ग्रामीण प्रशासन से नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# गुवा में स्वर्गीय हरिओम झा की 19वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी



**गुवा (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय हरिओम झा की 19वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। बुधवार को आशीर्वाद मेंटेनेंस गैरेज में आयोजित कार्यक्रम में उनके पुत्र शिवम झा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद पाठक एवं आशीर्वाद परिवार के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी और पौधरोपण किया। मौके पर उन्होंने बताया स्व. हरिओम झा समाजसेवा और आदिवासियों के महानायक थे। उन्होंने 2005 में कारो बचाओ अभियान शुरू किया था। शिवम झा ने बताया आशीर्वाद इंटरप्राइजेज आदिवासियों के उत्थान और रोजगार के लिए कार्यरत है। गोविंद पाठक ने कहा हरिओम झा जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए समर्पित थे।कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# गांव-गांव की आवाज सरकार तक पहुंचाना मेरा दायित्व : गणेश महाली



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य गणेश महाली ने शुक्रवार को सरायकेला आवासीय कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये लोगों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, राशन व पेंशन जैसी बुनियादी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। गणेश महाली ने सभी शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता से जिला प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही पार्टी संगठन स्तर पर भी संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा आम जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है।गांव-गांव की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के समाधान में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। झामुमो नेता की यह जनसंपर्क ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने की दिशा में एक प्रयास माना जा रहा है। मौके पर कई स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बैठक : डीसी ने शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले बीइइओ-बीपीओ को लगायी फटकार

### विद्यालयों में शिक्षकों-विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर भी जतायी नाराजगी

जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह निगरानी कमेटी की भी समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी दिनेश यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें डीसी ने एक-एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, सिलेबस कवरेज, विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की उपलब्धता, मध्याह्न भोजन का संचालन, विद्यालय में पोषण वाटिका, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण, पोशाक वितरण सहित अन्य विषयों पर एक-एक कर समीक्षा की। इसके बाद जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में योजनाओं के बेहतर संचालन के लिए निर्देशित किया। सर्वप्रथम ई-विद्या वाहिनी पोर्टल के अनुसार प्रखंडवार शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में पूछी गई।



जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी दिनेश यादव।

कुछ प्रखंडों के विद्यालयों में ई-विद्या वाहिनी पोर्टल के अनुसार शिक्षकों की उपस्थिति निराशाजनक पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं बीपीओ को शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसी तरह विद्यार्थियों की उपस्थिति भी विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में निराशाजनक पाई गई। विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने उपस्थित सभी बीईईओ एवं प्रखंड के बीपीओ-बीपीएम से बारी-बारी शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रही अन्य योजनाओं की भी जानकारी ली। कुछ योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले बीईईओ एवं बीपीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। कार्य असंतोषजनक होने पर कार्रवाई करने की भी बात कही। प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों को डीसी द्वारा समय पर कार्यालय आने एवं नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। वहीं, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह निगरानी कमेटी की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में विद्यालयों द्वारा एसएमएस के माध्यम से मध्याहन भोजन संचालन की सूचना उपलब्ध कराने, पीएम पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रखंडवार खाद्यान्न वितरण, पीएम पोषण (मध्याहन भोजन) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 का माहवार ऑन लाईन डाटा एंट्री एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में किचेन सह स्टोर मरम्मति की अद्यतन स्थिति आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। मध्यान भोजन में पोषक आहार एवं पूरक पोषण का वितरण मेन्यू के अनुसार ही निश्चित रूप से किए जाने की बात कही गई। जिन योजनाओं में खराब प्रदर्शन पाया गया उन्हें डीसदी ने शीघ्र लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालयों में विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य जांच के मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर जे एफ केनेडी को विशेष रूप से कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच सिविर चलाने का निर्देश दिया गया। केतार प्रखंड अंतर्गत विद्यालयों में पोषक आहार एवं मध्यान्ह भोजन योजना के तहत खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत की गई। इस संबंध में केतार प्रखंड अंतर्गत राशन गबन करने की शिकायत भी प्राप्त हुई जिस पर डीसी ने उक्त संबंध में समुचित कार्रवाई करने की बात कही एवं यथासंभव स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत का खाद्यान वितरण करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवानंद राम, शिक्षा विभाग के डीपीओ, एपीओ, सभी बीईईओ, बीपीओ, एडीएफ, सभी बीपीएम एवं जेई आदि उपस्थित रहे।

## दो नाबालिग आदिवासी लड़कियों को बंधक बनाकर जंगल में सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/रंका।** रंका अनुमंडल अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के दूधवल पंचायत के ग्राम बाराडीह टोला तितहीमहुआ के दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म कर फरार होने का मामला सामने आया है। उक्त दो नाबालिग लड़की सहित तीन लड़की अपनी सगाई होने वाले दो युवकों के साथ बाइक से चिनियां थाना के रनपुरा बाजार स्थित मेला देखने गयी थी। आरोपितों में दीपक लकड़ा और उसका दोस्त प्रितम तिर्की छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के गणेश मोड़ थाना के भैंसामुंडा गांव के रहने वाले हैं। दोनों लड़कों के साथ मेला घुमने के बाद रात 9.30 बजे घर आने के लिए बाइक के पास आए तो देखा कि दोनों चक्का की हवा निकली हुई है। तब दोनों युवक बाइक को धक्का देकर ले जाने लगे। साथ में तीनों लड़की पैदल घर आ रही थी। कुछ दूर एक पुल के पास पहुंचने पर एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट की स्कोर्पियो पुल के पास आयी और रोक दिया। स्कोर्पियो से चार युवक मंदीष यादव उर्फ फिटू यादव,



शंकर यादव उर्फ पुरण यादव, ओमप्रकाश यादव (तीनों रंका थाना के ग्राम नगारी टोला आमाटांड़ के निवासी) और एक अन्य युवक नीचे उतरे और तीनों लड़कियों के साथ छेड़खानी करने लगे। इसी बीच दीपक लकड़ा और प्रितम तिर्की बाइक को धक्का देते हुए पहुंचे तो देखा कि तीनों लड़कियों के साथ चार युवक छेड़खानी कर रहे हैं। मना करने पर उक्त युवकों के साथ चारो युवकों ने मारपीट की और तीनों लड़कियों को जबरदस्ती स्कोर्पियो में बैठाने लगे। दीपक लकड़ा ने कहा कि इस लड़की के साथ उसकी सगाई हो गई है। शादी करने वाले हैं, तो उस एक लड़की को छोड़ दिया और दो नाबालिग लड़की को स्कोर्पियो में बैठा कर नगारी जंगल में ले गए। वहां ओमप्रकाश यादव और एक अन्य युवक स्कोर्पियो का पहरा देने लगे। वहां तीन घंटा बंधक बना कर पहली नाबालिग लड़की के साथ मंदीष यादव और शंकर यादव ने गैंगरेप किया, जबकि दूसरी नाबालिग लड़की के साथ मंदीष यादव ने गैंगरेप किया। इसके बाद दोनों नाबालिग को जंगल में ही छोड़कर भाग गये। साथ ही किसी को इसकी जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद दोनों नाबालिग लड़कियां दूसरे दिन सुबह चार बजे अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद नाबालिग की मां ने बेटी को लेकर रंका थाना पहुंची और लिखित आवेदन देकर उक्त चारों आरोपी युवकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। रंका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी शंकर यादव उर्फ पुरण यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसडीपीओ ने बताया कि उक्त घटना विजयादशमी की है जिसमें दशहरा के अवसर पर मेला घुमने गई थी।

## पारिवारिक कलह से परेशान महिला ने खाया कीटनाशक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर गांव में गुरुवार को पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, बसंती देवी ने कथित रूप से अपने पति प्रदीप साह द्वारा लगातार गाली-गलौज और प्रताड़ित करने से तंग आकर कीटनाशक दवा खा ली। उसकी तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने तत्काल निजी वाहन से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉ शैलेंद्र कुमार की देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। फिलहाल महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बसंती देवी ने बताया कि उसका पति आए दिन किसी न किसी बात पर भद्दी-भद्दी गालियां देता और मारपीट करता है। दशहरा पर्व पर घर में नई बहू के आने के बावजूद उसके सामने भी अभद्र व्यवहार कर रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने मारपीट की। इसी आक्रोश में उसने कीटनाशक दवा खा ली।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित **PR संख्या–363221** Building (25-26) D एवं अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **(17/2025-26/EE/BCD/LATEHAR)** द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा (**Construction of Two Extra Room in DDC Residence at Latehar**) को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 363654 (Building) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)**

**शुद्धि पत्र**

**PR 363148 Road(25-26).D में प्रकाशित निविदा सूचना सं0 RCD/Ranchi(Gramin)-10/2025-26 को निम्न रुप से संशोधित की जाती है।**

| क्रं0 | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय 08.10.2025, 10:30 बजे पूर्वाह्न | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय 11.10.2025, 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 2. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 15.10.2025, 12:00 बजे दोपहर तक | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 17.10.2025, 12:00 बजे दोपहर तक |

शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)

PR 363721 Road(25-26).D

## झामुमो सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में गरीब जनता की अनाज लूट रही : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो सरकार पर जुबानी हमला किया है। कहा कि गढ़वा जिले सहित पूरे झारखंड में गरीब जनता के लिए केंद्र सरकार की ओर से भेजे गये अनाज को भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से खुलेआम लूटा जा रहा है। कहा कि गढ़वा जिले के मेराल से लेकर केतार तक करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ। इतना तय है कि बिना सरकार के संरक्षण में इतना बड़ा लूट संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही जिले के सभी प्रखंड में अनाज घोटाले की गहनता से जांच कराए। ताकि पता चल सके कि घोटाले की जड़ कहां तक फैली है। कहा कि हेमंत सरकार गरीबों के हित में काम कर रही है तो उन्हें अनाज लूट मामले में सीबीआई जांच करानी होगी। गढ़वा जिले में हो रहे अनाज घोटाले पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों की चुप्पी से साबित होता है कि सरकार गरीब विरोधी है। कहा कि ठीक से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो गरीब जनता के हित में आंदोलन तय किया जाएगा।

## रंका में जंगली हाथी ने चरवाहे को पटक-पटक कर मार डाला, ग्रामीणों में दहशत



**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना वन क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर पंचायत के ग्राम बसकटिया निवासी चरवाहा मखडू उरांव (55) पर बुधवार की शाम जंगली हाथी ने हमला कर दिया। उसे अपनी सूंढ़ में पकड़ लिया और पटक-पटक कर उसकी जान ले गी। जानकारी के मुताबिक मखडू उरांव अपने गायों को चराने जंगल गया था। शाम तक पशु घर लौट आए पर मखडू उरांव नहीं पहुंचा। तब परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश में निकले। इसी बीत सूचना मिली कि जंगल क्षेत्र में एक जंगली हाथी विचरण कर रहा है। विश्रामपुर के समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि विवेक कुमार उर्फ छोटू सिंह ने अपने वाहन से साथियों को लेकर तलाश में जंगल की ओर निकल पड़े। जहां मखडू का शव बरामद हुआ। वन विभाग के कर्मियों की उपस्थिति में शव को रात नौ बजे लाया गया। उधर, ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है। लोग अपने पशुओं को जंगल में लेजाने से डर रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों एवं मृतक के परिजनों ने वन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

## भारी बारिश से दर्जनों घर क्षतिग्रस्त, मुखिया ने सीओ को पत्र लिखकर की मुआवजे की मांग



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत में पिछले दिनों हुई भारी बारिश से 22 घरों को नुकसान पहुंचा है। इससे लेकर मुखिया सरिता देवी ने भवनाथपुर सीओ को पत्र लिखकर पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। मुखिया सरिता देवी ने बताया कि मकरी पंचायत के कई ग्रामीणों के घरों की छत और दीवारें बारिश में ढह गईं, जिससे परिवारों को परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर क्षति का आकलन करने और प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने की अपील की है। बताया कि बारिश से क्षतिग्रस्त घरों में शुकनी देवी, खेदु राम, पूनम देवी, बसीरन बीबी, फुदेना देवी, संजय राम, बीरेंद्र पाल, करीमन राम, धनपतिया देवी, सरिता देवी, घुरान साव, रमेश विश्वकर्मा, प्रभु राम, रामेश्वर राम, लाछो देवी, रघुनाथ पाल, अनिता कुंवर, आरती कुमारी, पैरा देवी, राम कैलाश पाल, सलेहा बीबी और प्रमिला देवी शामिल है। मुखिया ने कहा कि पंचायत स्तर पर प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कर अंचल कार्यालय को भेज दी गई है। अब प्रशासन से उम्मीद है कि शीघ्र ही सभी पीड़ितों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा।

## विधायक छोटे राजा से मिली जिप सदस्य, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के स्वास्थ्य में सुधार होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। इसी क्रम में भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने विधायक से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्हें मां दुर्गा की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने माता रानी से विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और ऊर्जा से परिपूर्ण जीवन की कामना की, ताकि वे पुनः पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर क्षेत्र



के सर्वांगीण विकास में योगदान दे सकें। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा जिला के पूर्व अध्यक्ष तनवीर आलम, श्री बंशीधर नगर प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडे, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक कुंदन कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे। सभी ने विधायक अनंत प्रताप देव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि विधायक शीघ्र ही स्वस्थ होकर पुनः जनसेवा में सक्रिय होंगे।

## प्रियांशी ने जैवलिन थ्रो एवं शॉट पुट में रजत और शुभम ने हाई जंप में जीता कांस्य पदक

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती बिहार की ओर से आयोजित क्षेत्रीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में भवनाथपुर टाउनशिप स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बिहार के पूर्णिया जिले में आयोजित प्रतियोगिता में प्रियांशी कुमारी ने जैवलिन थ्रो और शॉट पुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और दो रजत पदक अपने नाम किये। वहीं, शुभम कुमार ने हाई जंप में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीता। इससे विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, सचिव साकेत सिंह, प्रधानाचार्य शिवबालक प्रसाद के अलावा आचार्य दीदीयों ने दोनों विजेता छात्रों और उनके मार्गदर्शक शारीरिक आचार्य अजय सिंह को बधाई दी है। प्रधानाचार्य शिवबालक प्रसाद ने कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। वहीं, शारीरिक आचार्य अजय सिंह ने कहा कि प्रियांशी और शुभम की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### एसडीएम ने शहरी क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों का किया निरीक्षण

## छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता में: एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को दानरो नदी तटीय क्षेत्रों में स्थित प्रमुख छठ घाटों सहिजना, टड़वा एवं बायपास रोड के निकट घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर आयोजकों की तरफ से शुरू की गयी तैयारियों की प्रशंसा करते हुए समय पर प्रशासनिक मदद के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बतातें चलें कि, बुधवार को आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में विभिन्न छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने एसडीएम से अनुरोध किया था कि वे शीघ्र ही प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि समय रहते पर्व की तैयारियां पूरी की जा सकें। इसी आलोक में एसडीएम गुरुवार को खुद विभिन्न घाटों पर पहुंचे थे। इस दौरान



उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल आदि की अनुमानित जरूरतों का जायजा लिया। घाटों पर फिसलन, गड्ढे या ऊबड़-खाबड़ धरातल की स्थिति न बने, इसके लिए शहर में कार्यरत बड़े संवेदकों से भी स्वैच्छिक रूप से आगे आते हुए जेसीबी, ग्रेडर आदि उपलब्ध कराने की अपील की। छठ घाटों के आसपास बिजली के तारों व खंभों की सुरक्षा जांच कर लेने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया। एसडीएम ने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता में है। नगर परिषद को उन्होंने घाटों की समय पर विधिवत सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर जितेंद्र सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, विनोद जायसवाल, टिंकू गुप्ता आदि मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन एवं पूजा समितियों के सामूहिक प्रयासों से महापर्व छठ सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।

**Govt. of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology, District- Garhwa**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह कीई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1.ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| NIT No. MINES GARHWA /SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री– बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 09/2025 | GROUP – A सुण्डीपुर घाट समूह (सोन घाट–1) | 10.10.2025 (10.00 पूर्वाह्न) | 17.10.2025 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराहन तक समाहरणालय गढ़वा। | 31.10.2025 समय–3:00 बजे अपराहन तक | 06.11.2025 समय 5.00 बजे अपराहन तक | 08.11.2025 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराहन तक |
| 10/2025 | GROUP – B गाड़ाकाला घाट समूह (सोन घाट–2) | | | | | |
| 11/2025 | GROUP – C डुमरसोता घाट समूह (सोन घाट–3) | | | | | |
| 12/2025 | GROUP – D मेरौनी घाट समूह (सोन घाट–4) | | | | | |
| 13/2025 | GROUP – E परती घाट समूह (सोन घाट–5–1 | | | | | |
| 14/2025 | GROUP – F गम्हरिया घाट समूह (सोन घाट–5–2, सोन घाट–6) | | | | | |
| 15/2025 | GROUP – G खोखा–चन्दा घाट समूह (सोन घाट–7 | | | | | |
| 16/2025 | GROUP – H खरौंधा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–1) | | | | | |
| 17/2025 | GROUP – I सोहगाड़ा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–2 नोर्थ कोयल घाट–3) | | | | | |
| 18/2025 | GROUP – J खरसोता घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–4, नोर्थ कोयल घाट–5) | | | | | |
| 19/2025 | GROUP – K मझिऑव घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–6, नोर्थ कोयल घाट–7, नोर्थ कोयल घाट–8, नोर्थ कोयल घाट–9, नोर्थ कोयल घाट–10 | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट
5. पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
7. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
9. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा।BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
10. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.inएवं जिले के website www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/ कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, गढ़वा। ह0/ जिला कोषागार पदाधिकारी, गढ़वा। ह0/ जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा।

ह0/ अपर समाहर्ता, राजस्व, गढ़वा। ह0/ उप निदेशक, खान, पलामू। ह0/ उपायुक्त, गढ़वा।

PR 363667 (Mines and Geology) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## हक-अधिकार के लिए आंदोलन जरूरी : विजय

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच लोहरदगा के तत्वाधान में संयुक्त बैठक समाहरणालय स्थित लिप्टस बगीचा के पास दल के जिला प्रभारी सोमे उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि देश व राज्य की हालत को देखते हुए भ्रष्ट सरकार में शोषण के विरुद्ध और हक अधिकार के लिए आंदोलन करना ही पड़ेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि चहुंओर लूट मची है और शासन व्यवस्था मूकदर्शक बनी हुई है। यही कारण है कि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में लोहरदगा सहित झारखंड के लोगों का मेहनत का जमा पैसा भुगतान करने के मामले में भाजपा, कांग्रेस, झामुमो जैसी पार्टी व सरकार चुप्पी साधे बैठी है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन की मौत, दो गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत कुंदो मैदान के समीप बुधवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। इस सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा भेजा।

थाना प्रभारी रवी रंजन कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी, जबकि दो अन्य ने सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान लोहरदगा निवासी कलाम अंसारी के पुत्र मिजान अंसारी, भंडरा थाना क्षेत्र के पंडरिया निवासी लालू उरांव के पुत्र मुकेश उरांव, और फगुआ उरांव के पुत्र प्रकाश उरांव के रूप में की गयी है। वहीं, जोरी निवासी अबुल अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी और पंडरिया ग्राम निवासी फतलू उरांव के पुत्र गोविंदा उरांव गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है।

# नयी पीढ़ी में देशभक्ति, एकता और आत्मनिर्भरता जरूरी : सांसद

सरदार@150 समारोह को लेकर सांसद और उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




### सरदार पटेल का जीवन आज भी प्रेरणास्त्रोत

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन आज भी सभी के प्रेरणास्त्रोत है। यह पूरा समारोह उनकी जीवनगाथा और उनकी अमिट विरासत को समर्पित है। इस समारोह के जरिये उनके द्वारा किये गये कार्यों को हम विभिन्न कार्यों के जरिये याद करें जिन्होंने भारत को एक मजबूत राष्ट्र और एकसूत्र में बांधने में अपनी भूमिका निभायी। इस समारोह में युवाओं को भागीदारी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि युवा ही देश के भविष्य हैं।

**लोहरदगा।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार@150 समारोह के आयोजन को लेकर सांसद सुखदेव भगत और उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा प्रेस ब्रीफिंग समाहरणालय सभाकक्ष में की गयी।

प्रेस ब्रीफिंग में सांसद ने कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती देशभर में धूमधाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से कई तरह की कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देश प्राप्त हैं। इसमें 31 अक्टूबर से 15 नवंबर 2025 तक देश के सभी जिला में एकता पदयात्राएं आयोजित की जायेंगी। इन पदयात्राओं के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, महिला सशक्तिकरण शिविर, योग एवं स्वास्थ्य शिविर और कई तरह के सामुदायिक कार्यक्रम होंगे। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर, शैक्षिक संगोष्ठी और कार्यशालाएं, वाद विवाद प्रतियोगिताएं, स्वेदेशी मेला, कला/पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में युवाओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। सांसद ने कहा कि सरदार @150 समारोह के जरिये नयी पीढ़ी में देशभक्ति, एकता और आत्मनिर्भर भरना है। सरदार पटेल में अपने कार्यों में जरिये एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। हमें उन्हीं के कार्यों को आगे बढ़ाना है। युवाओं में नशामुक्त जीवन और स्वच्छता का संदेश भी फैलाना है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी सपना रहा है। सरदार पटेल में महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर खेड़ा सत्याग्रह में सक्रिय भूमिका निभायी। बाद में वे असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन, बदोर्ली सत्योग्रह में भी महत्वपूर्ण नेतृत्व किया। बाद में उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में 500 से अधिक रियासतों को देश में मिलाकर देश को एकसूत्र में बांधने का कार्य किया। प्रेस ब्रीफिंग में सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

# जाली नोट चलाने वाला गिरोह सक्रिय, व्यापारी हो रहे शिकार

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में जाली नोट चलाने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। गिरोह कई जगह जाली नोट चलाने में सफल हुआ है। कई जगहों पर जाली नोट की पहचान होने पर मामले को रफा दफा किया गया है। जाली नोट चलाने वाला गिरोह के द्वारा पांच सौ एवं दो सौ का नोट व्यापारिक प्रतिष्ठानों में चलाया जा रहा है। इस गिरोह के द्वारा कई जगह जाली नोट चलाया जा चुका है। जिसके कारण भंडरा थाना क्षेत्र में जाली नोट से कई लोग ठगे जा चुके हैं। बाद में उन्हें पता चला कि जो नोट उन्होंने ग्राहक से लिया वह जाली है। जाली नोट में एक ही नंबर का कई नोट चलाया गया है। जिसके कारण एक ही नंबर का कई नोट बाजार में मिल रहा है। जाली नोट चलने वाला गिरोह काफी सफाई से मवेशियों की खरीद बिक्री, पेट्रोल पंप, बिल्डिंग मटेरियल, कपड़ा का दुकान, खाद बीज के दुकान सहित जुआ अड्डों में इन नोटों को चलाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी दुकान पर जाली नोट की पहचान हो जाने पर गिरोह के सदस्य ऑनलाइन भुगतान कर मामला को रफा दफा कर देते हैं। व्यापारी वर्ग भी इस तरह की लफड़ा में पड़ने से बचना चाहता है। जिसका लाभ अभी तक जाली नोट चलाने वाला गिरोह को मिल रहा है। इस संबंध में भंडरा थाना के थाना प्रभारी रवि रंजन ने बताया कि जाली नोट चलाने वाले गिरोह के पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। नोटों के लेनदेन में सतर्कता बरतें। गिरोह के सदस्यों के द्वारा नोट चलाने का प्रयास करते हुए कहीं पर दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## छठ पूजा समिति के दोबारा अध्यक्ष बने पंकज गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी के बीच आदर्श नगर छठ घाट समिति में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता के इस्तीफे पर चर्चा से हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पंकज गुप्ता का इस्तीफा नामंजूर करते हुए उन्हें एक बार फिर से समिति का अध्यक्ष बनाये रखने का निर्णय लिया। समिति सदस्यों ने कहा कि पंकज गुप्ता के नेतृत्व में बीते वर्षों में छठ पूजा का आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा है, इसलिए उन्हें दोबारा नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गयी। वही राजदीप रिक्की और पंचायत समिति प्रवीण कुमार को उपाध्यक्ष दीपक राज को सचिव मयंक विश्वकर्मा और राकेश अग्रवाल को उप सचिव डॉ सुधीर को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर बाजार में चला जांच अभियान

# गुटखा बेचने वाले दो कारोबारियों पर जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता के निदेश पर जिले में खाद्य पदार्थ गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ मोइन अख्तर के नेतृत्व में लगातार जांच अभियान चालाया जा रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया/ इंटरनेट पर पुराने आलू को कृत्रिम रूप से नया आलू बनाने से संबंधित खूब चर्चा हो रही है। आमजनो का मानना है की इस प्रक्रिया से उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ेगा। इस तथ्य की पुष्टि हेतु खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लातेहार द्वारा लातेहार शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न खाद्य कारोबारियों को औचक निरीक्षण कर रसायनिक जांच हेतु आलू, का नमूना लिया गया। नमूना मुख्यतः बाजार टांड़ स्थित थोक व्यवसाय सुरेश प्रजापति एवं गोविन्द प्रसाद साहु से लिया गया। बाइपास स्थित बाजार से खुदरा व्यपारियों से भी



नया आलू का नमूना संग्रह किया गया। निरीक्षण के क्रम थाना चौक के पास प्रतिबंधित गुटखा/ जर्दा पाये जाने पर दो कारोबारियों पर कोटपा के तहत 400 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। सब्जी बाजार स्थित जेनरल स्टोर राजेश कुमार के दुकान से एक्सपायरी बर्ड को नष्ट कराया गया। दोबारा ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी गयी। मेन रोड स्थित मे हिन्दुस्तान बेकरी को अपने सारे उत्पाद मे एफएसएसएआइ लाइसेंस, निर्माता का नाम एवं पता एक्सपायरी डेट इत्यादि अंकित करने का निदेश दिया गया। मे प्रियंका ग्रोसरी जेनरल स्टोर को बिना अनुज्ञप्ति के प्रतिष्ठान संचालन करने पर नोटिस जारी किया गया 14 दिनों के अंदर अनुज्ञप्ति लेने हेतु निदेश दिया गया। मेन रोड स्थित मे आयुष्मा स्वीट्स में मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गयी। कालाकंद एवं खोवा सही पाया गया परन्तु रसगुल्ला में स्टार्च की मिलावट पायी गयी। उसे सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। उपरोक्त सारे प्रतिष्ठानों पर जांच प्रतिवेदन तथा पुनः निरीक्षण के आधार पर खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम के तहत कारवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि पर्व-त्योहार को देखते हुए इस प्रकार का निरीक्षण चलता रहेगा।

## भाजपा नेता ने पेशरार में हुई हत्या की घटना की निंदा की



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता पशुपति नाथ पारस ने पेशरार में हुई हृदय विदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि क्या यह वही समाज है, जो नारी तू नारायणी कहकर पूजा करता है? बच्चों में भगवान का स्वरूप देखते हैं? किसी भी निर्दोष को बिना सबूत के डायन कहना न्याय समाज को समझना होगा यह घोर अन्याय और पाप है। यह राज्य के लिए बहुत ही चिंताजनक विषय बन गया है ऐसी घटनाएं हमारे समाज के लिए कलंक और मानवता पर धब्बा है डायन–विसाही को मानना कुप्रथा है। हम सब जानते हैं कि झारखंड जैसे शिक्षित और विकसित हो रहे राज्य में भी आज कई जगहों पर अंधविश्वास, अज्ञानता और डर के कारण महिलाओं को डायन घोषित कर प्रताड़ित किया जाता है। कभी उन पर जादू–टोने का झूठा आरोप लगाया जाता है, तो कभी उन्हें गांव से निकाल दिया जाता है या मार दिया जाता है। हमारा संविधान हर नागरिक को जीने का अधिकार देता है। इसलिए राज्य सरकार ने झारखंड डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 बनाकर ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास किया है। हमें गांवों में जन–जागरूकता अभियान चलाना होगा,स्कूलों में बच्चों को विज्ञान और तर्क की शिक्षा देनी होगी, और हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना होगा कि अब किसी भी मासूम को डायन नहीं कहा जायेगा और न ही किसी को अंधविश्वास के नाम पर प्रताड़ित किया जायेगा। हम सब मिलकर झारखंड को इस कुप्रथा से मुक्त करें।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान के लिए जागरुकता रथ रवाना




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा गुरुवार को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ जागरूकता रथ को रवाना कर किया गया। उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर इस जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि लोहरदगा जिला को सभी के सहयोग से तंबाकू मुक्त बनायेंगे। युवाओं को तंबाकू से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया जायेगा। तंबाकू एक ऐसा नशा है जो धीरे–धीरे व्यक्ति के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। इसका सेवन धूम्रपान (सिगरेट, बीड़ी) और गुटखा, खैनी आदि के रूप में किया जाता है। तम्बाकू में निकोटीन नामक हानिकारक रसायन होता है। जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। तंबाकू का सेवन केवल स्वयं के लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी हानिकारक होता है, जो लोग तंबाकू नहीं लेते, वे भी परोक्ष रूप से पैसिव स्मोकिंग का शिकार हो जाते है। इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू सेवन पर रोक लगायी गयी है। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 कार्यक्रम 09 अक्टूबर 2025 से 07 दिसंबर 2025 तक चलेगी ताकि हम अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सके। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, एनसीडी नॉडल डॉ दीनानाथ सिंह, डीपीएम नाजिस अख्तर, जिला सलाहकार एनटीसीपी, सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बरवाडीह में 'हर घर स्वदेशी अपनाओ-विदेशी हटाओ' अभियान की शुरूआत



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय बरवाडीह में गुरुवार को संकल्प भारत के तहत हर घर स्वदेशी अपनाओ– विदेशी हटाओ अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष सखीचंद प्रसाद तथा तथा संचालन भाजपा महामंत्री महामंत्री मनोज प्रसाद ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सह कार्यक्रम प्रभारी कौशल किशोर प्रसाद उपस्थित हुए। कौशल किशोर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि हर भारतीय अगर स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले, तो भारत आत्मनिर्भरता की नयी मिसाल कायम करेगा। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने बाजार का दौरा कर दुकानदारों को जीएसटी दरों में कमी और स्वदेशी वस्तुओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, दीपक तिवारी, दीपक राज, ओमप्रकाश गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक प्रसाद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री हरे राम सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद (ओपी), कार्यालय प्रभारी अमरेंद्र रजक, युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार,युवा मोर्चा महामंत्री हेमंत कुमार कश्यप, किसान मोर्चा मण्डल महामंत्री संतोष दुबे, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, कमलेश यादव, भीम प्रसाद, जयगोविंद विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष प्रिंस कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा शुरू

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में शिक्षा का स्तर को सुधारने के उद्देश्य से कक्षा दशम और द्वादश के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा चलायी जा रही है। दशम और द्वादश का छात्र छात्रओं के लिये विषेश कक्षा चलाने का मुख्य उद्देश्य है कि विद्यालय में संचालित सीबीएसइ बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत हो जिसे बच्चे अधिकतम अंक प्राप्त कर परिक्षा में उतीर्ण हो सकें साथ ही कक्षा एकादश में नव नामांकित बच्चों के लिए अलग से अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जा रही है .विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने जानकारी देते हुए बताया की कक्षा नवम एवं एकादश का पार्श्व परीक्षा हेतु परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की दिनांक 21.10.2025 तक बढ़ा दी गई है .जिसे कक्षा अष्टम और नवम में अध्ययनरत सभी विद्याथोयी एवं अभिभावकों से अपील किया गया है .कि सभी छात्र छात्राएं और अभिभवक कक्षा नवम एवं एकादश के लिए यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया।

# डुरुआ में आम रास्ते पर दोबारा अतिक्रमण से ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों के अनुसार, उक्त भूमि सर्वे खतियान में 'गैरमजरूआ आम रास्ता' के रूप में दर्ज है

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत मौजा-डुरूआ में आम रास्ते पर अवैध अतिक्रमण का मामला फिर सामने आया है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने उपायुक्त लातेहार को एक लिखित आवेदन देकर खाता संख्या 43, प्लॉट संख्या 759 पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त भूमि सर्वे खतियान में 'गैरमजरूआ आम रास्ता' के रूप में दर्ज है, जिसका उपयोग गांव के लोग वर्षों से माल-मवेशियों को नदी तक ले जाने, पानी भरने तथा हरिजन समुदाय द्वारा शव यात्रा के लिए श्मशान घाट जाने हेतु करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में सुनील यादव पिता स्व बुलाकी यादव, निवासी डुरूआ, पोस्ट रेलवे स्टेशन लातेहार द्वारा उक्त आम रास्ते को जोत दिया गया, जिससे आमजन को आवाजाही में गंभीर कठिनाई हो रही है। यह कार्य न केवल सामाजिक समरसता को प्रभावित करता है, बल्कि कानून व्यवस्था को भी चुनौती देने जैसा है। आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी इस भूमि को अंचल कार्यालय द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, फिर भी दोबारा कब्जा किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों संजय राम, मोहनिया भुइया, बाबूलाल भुइंया, श्याम सुंदर प्रजापति, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र भुइंया, किरानी सिंह, मनोज भुइंया, अशोक राम, राजेंद्र यादव, अजय यादव, मोहम्मद महताब आलम सहित अन्य लोगों ने एकमत होकर प्रशासन से अविलंब अतिक्रमण हटाने और दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## काली पूजा समिति के अध्यक्ष बने साहिल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक में युवा जागृति क्लब के द्वारा काली पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया। गठित समिति में साहिल सिंह को क्लब का अध्यक्ष, जबकि आसिफ इकबाल, राजू रहमान, रेखा पाठक और दिलीप यादव को संरक्षक मनोनीत किया गया। पवन शर्मा को पूजा सचिव, अभिषेक पासवान और दीपक कुमार (दीपू) को सह सचिव तथा अनीश रजक, कुंदन चौहान, प्रमोद चौहान, राकेश राय, विजय यादव और संजीव श्रीवास्तव को पूजा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विवेक पासवान, यश पासवान, पिंटू, सोनू, सागर, गोलू, सुभाष, हर्ष और सुमन को शामिल किया गया।

# राष्ट्रपति से सम्मानित दीक्षा का लोहरदगा पहुंचने पर स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की बेटी दीक्षा कुमारी को राष्ट्रीय सेवा योजना में बेहतर सामाजिक कार्य और समाज में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रपति भवन में देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिला एनएसएस का सर्वोच्च सम्मान। वही राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलने के बाद दीक्षा के लोहरदगा पहुंचे पर लोहरदगा रेलवे स्टेशन में भाजपा के नेताओं और स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर और बुके देकर भव्य स्वागत किया। दीक्षा कुमारी रांची विमेंस कॉलेज की एमए फाइनल इयर की छात्रा हैं और वह लोहरदगा के उगरा के रहने वाली है। दीक्षा की इस उपलब्धि ने जिले के साथ साथ राज्य का मान बढ़ाया है। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई से जुड़ी दीक्षा कुमारी के लगातार समाजसेवा और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान के साथ राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में हिस्सा लेकर लोगो को जागरूक करने का कार्य लगातार करती आ रही है। इसी को लेकर 6 अक्टूबर को दीक्षा को राष्ट्रपति के हाथों रजत पदक, प्रमाण पत्र और एक लाख रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगो ने कहा जिले की बेटी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलना बड़ी बात है इससे जिले में उत्साह है लोग दीक्षा के कार्यों को सराहना कर रहे हैं।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने जितेंद्र साहू



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेरेंगहातू तोड़ार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया शोभा देवी, दिनेश साहू, अजय पंकज साहू एवं राजू साहू द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी छठ पूजा को पहले की भांति भव्यता, शुद्धता और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ विधिवत रूप से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई छठ पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें जितेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष, आदित्य कुमार साहू को सचिव, रमेश साहू को महामंत्री, दिनेश साहू को कार्यकारिणी अध्यक्ष, प्रदीप साहू को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष राम यादव, सह उपाध्यक्ष पवन साहू, बबलू साहू, रामसुंदर साहू, राहुल उरांव, रामलाल उरांव, सह कोषाध्यक्ष अरुण साहू, ललित यादव, सह सचिव महेश साहू, आदर्श साहू, विनय प्रजापति, मनु उरांव, रितेश प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य बलि साहू, अशोक साहू, सावन यादव, मदन मोहन साहू, सूरज साहू, उमेश साहू, अजय साहू, अनु प्रधान, गोलू सहदेव, नवनीत प्रजापति, मुकेश साहू, आजीवन संरक्षक बलराम साहू, संरक्षकगण तेजु साहू, जागेश्वर साहू, संजय प्रजापति, मनोज साहू, काली साहू, महेंद्र महतो, पंकज महतो, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, अजय सोनी, राजीव रंजन, सुनील अग्रवाल, एतवा पुजार, शिवदयाल साहू, प्रवीण ठाकुर, डॉ. शंभूनाथ चौधरी, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ टी साहू, ललित महतो, राजेश महतो, मथुरा महतो, नीरज जयसवाल, अशोक साहू, गौतम देव, नितिन जयसवाल, सुनील अग्रवाल, रोहित साहू, रितेश साहू, अजय पंकज, राम कुमार लोहरा, चमरू उरांव, मिथुन तमेंरा, इंदरजीत लकड़ा (संतोष), राजेश सिंघल, दीपू अग्रवाल, प्रदुमन लाल, मुंगेश्वर साहू, रामकेश्वर, श्याम साहू, इंदर यादव मीडिया सह प्रभारी बलेसर साहू, कौशल मित्तल, राहुल यादव को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नयी कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा यह संकल्प लिया कि छठ महापर्व को सामाजिक एकता, स्वच्छता और आस्था के उत्सव के रूप में पूरे हर्षोल्लास से मनाया जायेगा।

## पुर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जियाउल हक को कोर्ट से मिली जमानत



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर नगर परिषद पुर्व उपाध्यक्ष जियाउल हक उर्फ टार्जन को पालोजोरी थाना कांड संख्या 33/2025 एवं मधुपुर कांड संख्या 201/2024 में पिछले एक माह से हिरासत में थे दिनांक 19 सितंबर को पालोजोरी थाना संख्या में उन्हें जमानत मिली थी। परंतु मधुपुर थाना कांड संख्या 201/24 में पुलिस द्वारा प्रोटेक्शन लेने के कारण वह जेल में ही बंद थे बुधवार को उन्हें उस केस में भी दिया गया। जैसे ही उनकी जमानत की खबर शहर में फैली उनकी समर्थक हजारों की संख्या में चेतनारी जेल पहुंचे और फूल माला से उनका स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने ने खलासी मोहल्ला स्थित गोड्डा के पुर्व सांसद फुरकान अंसारी और कांग्रेस नेत्री शबाना खातून से मिल कर खुशी का इजहार जताया।

# देवघर में रोजगार मेला आयोजित

## आठ कंपनियों ने लिया भाग, 89 युवाओं को मिला ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर

**आने वाले दिनों में भी रोजगार मेला और भर्ती शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को नियोजनालय, देवघर द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निजी क्षेत्र की कुल 08 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें रोजगार की तलाश कर रहे 210 स्थानीय युवा-युवतियों ने हिस्सा लिया।

जिला नियोजनालय की ओर से आयोजित इस रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा इंटरव्यू और कौशल मूल्यांकन की प्रक्रिया पूरी की गयी। इसमें कुल 108 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा 89 युवा-युवतियों को ऑन द स्पॉट ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर चयनित उम्मीदवारों के चेहरों पर उत्साह और संतोष की झलक देखने को मिली।

रोजगार मेले में कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों जैसे इलेक्ट्रीशियन, एसेसरीज फिटर, मशीन ऑपरेटर, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट, कंप्यूटर ऑपरेटर, टेलिसेल्स एग्जीक्यूटिव, एचआर रिक्रूटर, कलेक्शन ऑफिसर, अमेजन सेल्समैन, फील्ड सर्वेयर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, पंचायत कोऑर्डिनेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, स्टोर इंचार्ज आदि के लिए चयन किया गया।

रोजगार मेला का संचालन जिला नियोजन पदाधिकारी प्रीति कुमारी के नेतृत्व एवं देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समीर जेवियर मरांडी, जेपी शरण (यंग प्रोफेशनल), प्रियव्रत मिश्रा (यूएनडीपी), चंदन कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) सहित अन्य कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। जिला नियोजनालय की ओर से जानकारी दी गयी कि आने वाले दिनों में भी रोजगार मेला एवं भर्ती शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जायेगा, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।



### रोजगार मेला में इन कंपनियों ने लिया भाग

रोजगार मेला में प्रमुख रूप से जीएसए फाउंडेशन, एलएंडटी कंस्ट्रक्शन स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सेरामपुर, चैतन्य इंडिया फिन प्राइवेट लिमिटेड, आत्मासमान फाउंडेशन, सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड, स्विगी लिमिटेड, डेल्फी टीवीएस (एमटीटीएफ) तथा फर्स्ट फ्लाई कॉर्पोरेट मैनेजमेंट सर्विसेज जैसी कंपनियों ने भाग लिया।

# चैनपुर-नेवरा रोड कार्य प्रारंभ, मंत्री और सांसद को बधाई : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया चैनपुर नेवरा रोड़ की मरम्मती का कार्य सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पलामू सांसद के प्रयास से प्रारंभ हो गया। प्रथम महापौर ने इस मार्ग का अवलोकन करते हुए कहा कि इस रोड के निर्माण के लिए यहां की स्थानीय व्यवसायी, वार्ड पार्षद एवं जनता ने कई आंदोलन किये अंततः मैं मंत्री राधा कृष्ण किशोर जी को अनुरोध कर इस मार्ग को दिखायी, जहां तुरंत उन्होंने विभाग को रिपेयरिंग का एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया, एस्टीमेट बनने के साथ तुरंत फंड दिया और अब कार्य भी प्रारंभ हो गया।

प्रथम महापौर ने कहा कि इस कार्य का पूरा लागत अभी दो करोड़ 50 लाख है। पहला दो करोड़ का ग्रुप है दूसरा 50 लाख का ग्रुप है जिसे संजय यादव जो इरीगेशन के ठेकेदार है ने 34 प्रतिशत बिलों में कार्य को लिया है। जिन्हें दोनों ग्रुप दिसंबर तक पूर्ण करना है। इस कार्य में जीएसबी पीच और नाली निर्माण समाहित है।

प्रथम महापौर ने बताया कि कैबिनेट ने इस पूरे मार्ग का 80 करोड़ की लागत से नया रोड निर्माण करने का भी अतिरिक्त स्वीकृत दिया है जिसकी पूरी प्रक्रिया टेंडर से लेकर कार्य प्रारंभ होने तक न्यूनतम चार महीना लगेगा, लेकिन हिंदुओं के बड़े-बड़े छठ जैसे त्यौहार आ रहे हैं, कई गाड़ियां फंस रही है, बच्चे स्कूल नहीं जा रहे, रोड़ के दोनों तरफ के व्यवसाई दुकान में नहीं बैठ रहे, प्रसूति वाली महिलाएं उस मार्ग से नहीं जाती और छत्तीसगढ़ आने जाने वाली गाड़ियों का बहुत बुरा हाल होने के कारण मैंने सांसद और मंत्री से अनुरोध कर स्वीकृत रिपेयरिंग कार्य को प्रारंभ कराया, जिसके लिए मैं दोनों माननीयों का चैनपुर नेवरा की जनता की ओर से आभार प्रकट करती हूं। इस अवसर पर दिनेश प्रधान, उज्जवल कमलापुरी, पुनीत गुप्ता,जयप्रकाश गुप्ता, शंभू पासवान, आकाश कुमार, जितेंद्र पासवान, गोविंद पासवान, इंद्रदेव पासवान एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एनएच 98 पर कनक ढाबा फैमिली रेस्तरां का शुभारंभ



**छतरपुर(पलामू)।** एनएच 98 बाईपास रोड पर महारानी पेट्रोल पंप के समीप कनक ढाबा फैमिली रेस्तरां का भव्य उद्घाटन संपन्न हो गया। रेस्तरां का उद्घाटन समाजसेवी सह व्यवसायी रविशंकर सिंह उर्फ बबुआ जी ने किया। प्रोपराइटर अभिषेक, निर्मल और भूषण ने बताया कि इस रेस्तरां में उचित दर पर फैमिली के लिए सुकूनदायक माहौल में हर तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था है। रेस्तरां में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों प्रकार के स्वादिष्ट भोजन की उत्तम व्यवस्था की गयी है। वहीं समाजसेवी बबुआ जी ने संचालक को रेस्तरां खोलने के लिए बधाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने भी संचालक को बधाई देते हुए रेस्तरां के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मेदिनीनगर के विधायक प्रतिनिधि मनोहार गुप्ता उर्फ लाली, नौडीहा बाजार के जिला पार्षद सुदामा पासवान, पूर्व मुखिया सुरेश प्रसाद, नामुदाग के मुखिया जितेंद्र पासवान, छोटू सिंह, सिंटू सिंह, अभिषेक, रितेश, मोहन जायसवाल, मिथलेश सिंह सहित दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की कारवाई: हैदरनगर में तीन अवैध निजी क्लिनिक सील

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** उपायुक्त समीरा एस के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह असैनिक शल्य चिकित्सक ने निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने को लेकर छापेमारी दल का गठन किया है। हैदरनगर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि गुरुवार को हाई स्कूल हैदरनगर के समीप विधिवत तामझाम के साथ बोर्ड लगाकर संचालित निजी अस्पताल विंध्याचल हॉस्पिटल में छापेमारी दल ने घंटों छानबीन की। इस क्रम में निजी अस्पताल संचालन से संबंधित कई आवश्यक दस्तावेज संचालक ने प्रस्तुत नहीं किया। साथ ही इस अस्पताल में हुसैनाबाद थाना के अलारपुर गांव निवासी एक महिला मरीज को भर्ती पाया गया है। जो बड़ा ऑपरेशन से दो जुड़वां बच्चों को जन्म दी है। जांच में यह भी पाया गया कि बतौर फर्जी चिकित्सक द्वारा इस अस्पताल को संचालित किया जा रहा है। चिंता की बात तो यह है कि बगैर डिग्री और सर्जन नहीं रहते इस महिला का बड़ा ऑपरेशन कैसे कर दिया गया। प्रशासन और विभागीय अधिकारी अस्पताल संचालक सह कथित चिकित्सक राजू पासवान से आवश्यक पूछताछ करने में जुटी है।

उन्होंने बताया कि एकमात्र भर्ती उक्त जच्चा बच्चा को एंबुलेंस से बेहतर इलाज के लिए विधिवत सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया गया है। छापेमारी दल ने इस निजी अस्पताल को सील कर दिया है। साथ अस्पताल के मुख्य जर्जर गेट की निगरानी भी अगले आदेश तक करने की चेतावनी उपस्थित कर्मियों को दिया है। इसके बाद मरघटिया रोड में संचालित आस्था हॉस्पिटल में दल ने छापा मारकर के तथ्य और दस्तावेज की जांच पड़ताल में जुटी है। उन्होंने बताया की विंध्याचल के अलावा दो और खुशबू हॉस्पिटल और आस्था हॉस्पिटल को भी सील किया गया।



अवैध क्लिनिक को सील करते चिकित्सा प्रभारी और थाना प्रभारी।

# जनता की समस्याओं के त्वरित निपटान के लिए अधिकारियों को दिये गये आवश्यक निर्देश

**जिला प्रशासन की ओर से जनता दरबार का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने की। कार्यक्रम में जिलास्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे, ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ऑन द स्पॉट किया जा सके। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्यायें प्रस्तुत कीं। इनमें भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, बिजली बिल माफी, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फसल बीमा, भू-राजस्व, पेंशन, आवास योजना आदि से जुड़े मुद्दे शामिल थे। अपर समाहर्ता श्री हीरा कुमार ने एक-एक कर सभी शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक आवेदन की भौतिक जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाये, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनना और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जनता दरबार के दौरान कई शिकायतों का तत्काल निस्तारण भी किया गया।

## एसबीएस इंटर कॉलेज जपला प्रबंधन ने दो पुरानी नियुक्ति के विज्ञापन को किया रद्द

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला से जुड़ी दो अलग-अलग वर्षों की नियुक्ति संबंधी विज्ञप्तियों को कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है।महाविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वर्ष 2017 की विज्ञप्ति संख्या SBSIC/37/17 (दिनांक 04 अक्टूबर 2017) और वर्ष 2022 की विज्ञप्ति संख्या SBSIC/07/2022 (दिनांक 22 फरवरी 2022) के तहत महाविद्यालय में विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किये गये थे। इन दोनों विज्ञप्तियों को अब निरस्त करते हुए आवेदको से कहा गया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर अपना आवेदन शुल्क की राशि वापस प्राप्त कर सकते है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि आवेदन शुल्क की वापसी प्रक्रिया महाविद्यालय कार्यालय से महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में की जायेगी। इसके लिए आवेदक 15 अक्टूबर 2025 तक महाविद्यालय में पहुच कर अपना राशि वापस ले सकते है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रेम नाथ ने कहा की अपरिहार्य कारणों के चलते दोनों विज्ञप्तियों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। प्रभारी प्राचार्य ने सभी आवेदकों से समय पर महाविद्यालय कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन शुल्क प्राप्त कर लेने को कहा है।

## गौरक्षक दल ने गौवंश और तस्कर को पकड़ा, कार्रवाई की मांग

**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर के गौरक्षक दल ने गुरूवार को चैनपुर मेन बाजार में एक गौवंशीय पशु को बरामद करते हुए तस्कर अब्दुल खलीफा को पकड़ा और थाना को सुपूर्द कर दिया। बाद में एक महिला के घर से अवैध गौवंश को बरामद किया गया और थाना को सौंप दिया गया। दो जगहों पर गौरक्षक दल द्वारा कार्रवाई किये जाने पर चैनपुर दर्जी मुहल्ला के मो अख्तर पिता करीम खलीफा ने चैनपुर बाजार निवासी अविनाश गुप्ता पिता स्व. अनिल गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना प्रभारी को आवेदन देकर गिरफ्तार गौ तस्कर तथा उसके साथियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गयी है।जान से मारने की धमकी भी मिली। इस संबंध में थाना प्रभारी से शिकायत की गयी है और कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

# पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए राज्य वित्त आयोग ने मांगे सुझाव

**देवघर में स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ हुई परामर्श बैठक, रखी गईं कई महत्वपूर्ण सिफारिशें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** झारखंड राज्य वित्त आयोग की ओर से गुरुवार को पीटीआई सभागार में 'संथाल परगना विकास पहल (एसपीडीआई)' और अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ एक महत्वपूर्ण परामर्श बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता 5वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) ने की। बैठक का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने और ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव प्राप्त करना था।

बैठक में स्वयं सेवी संस्थाओं ने ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई सिफारिशें रखीं। इनमें पंचायतों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हिस्सा देने, प्रशासनिक व्यय हेतु अतिरिक्त राशि प्रदान करने, और जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड का 10-20% जीपीडीपी में देने की मांग शामिल थी। साथ ही, पंचायत क्षेत्र से होने वाले बालू, पत्थर और वनोपज खनन से प्राप्त राजस्व का हिस्सा पंचायतों को देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। संस्थाओं ने पेसा कानून के तहत पंचायत सचिवालय के गठन, संपत्ति कर एवं रॉयल्टी के माध्यम से पंचायतों की आय बढ़ाने, और प्रखंड स्तर पर निधियों के समन्वय के लिए समिति गठन की सिफारिश की।

अध्यक्ष एपी सिंह ने बताया कि आयोग ने एक पोर्टल विकसित किया है, जहां आम नागरिक भी अपने सुझाव दे सकते हैं।

आयोग के सदस्य हरिश्वर दयाल ने इस अवसर पर अंतरिम रिपोर्ट के निष्कर्ष साझा किये।

बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर कुमार सिंह, सलाहकार कृष्ण, तथा स्वयं सेवी संस्थायें - प्रदान, प्रवाह, चेतना विकास, ग्राम ज्योति, लोक प्रेरणा, समाधान, विकल्प, लाहंती, टएरढ, बदलाव फाउंडेशन आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अफीम की खेती की रोकथाम को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**जो किसान इस खेती को छोड़कर सामान्य खेती-किसानी की ओर लौटेंगे, उन्हें विशेष प्रोत्साहन दिया जायेगा : अनिल कुमार सिंह**

उमेश कुमार यादव



**मनातू/पलामू।** पलामू पुलिस इन दिनों जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अफीम के रोकथाम को लेकर ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चला रही है। यह अभियान जिले के एसपी रेशमा रमेशन के निर्देश पर चलाया जा रहा है। प्रत्येक दिन किसी न किसी मनातू थाना क्षेत्र के गांव में मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में अवैध अफिम की खेती के विरूद्ध जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं ग्रामीणों को अफीम पोस्ता की खेती करने के स्थान पर दुसरे वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलें लगाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को मनातू थाना क्षेत्र के मिटार में मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से आम जनता को अवगत कराते हुए अफीम की खेती नहीं करने हेतु शपथ दिलाया गया।

स्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया अवैध अफीम-पोस्ता की खेती पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने नयी पहल शुरू की है। जो किसान इस खेती को छोड़कर सामान्य खेती-किसानी की ओर लौटेंगे, उन्हें विशेष प्रोत्साहन दिया जायेगा।

मनातू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मदन कुमार सुमन ने बताया कि खेती-किसानी के लिए वैध और लाभकारी विकल्प उपलब्ध कराना ही अफीम और पोस्ता की अवैध खेती पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का प्रभावी उपाय है।

मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि थाना क्षेत्र के मिटार में जिला पुलिस के आदेश पर मनातू पुलिस ने गुरुवार को अफीम (पोस्ता) की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान में पुलिस ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति या असामाजिक तत्व उक्त कार्य करता है, या फिर इस कार्य से जुड़ा हुए हैं तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, मनातू थाना का नंबर 7717787061पर तुरंत संपर्क करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव, बीपीओ रणधीर प्रकाश, वन विभाग अमरेश कुमार पासवान, ओमप्रकाश सिंह, मिटार पिकेट प्रभारी इंदल पासवान, समाजसेवी अफजल खान, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नशा मुक्त समाज बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित: उपायुक्त

**उपायुक्त ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का किया शुभारंभ, जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** नशा मुक्त समाज और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने आज समाहरणालय सभागार में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। यह अभियान 09 अक्टूबर से अगले 60 दिनों तक जिले भर में संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तंबाकू और नशे का सेवन युवाओं के भविष्य को प्रभावित करता है, इसलिए इसे रोकना प्रशासन ही नहीं, समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है।

उपायुक्त लकड़ा ने इस अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूर्व के तंबाकू मुक्त युवा अभियानों का तीसरा चरण है, जो नई रणनीति और व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित होगा। अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और शहरी वार्डों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही गांवों और शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और युवाओं को नशे से दूर रखना है। उपायुक्त ने सभी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह करते हुए कहा, 'हम सभी का सहयोग ही हमारे जिले को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा।'

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीपीएम नीरज भगत, स्वास्थ्य विभाग एवं डीएमएफटी की टीम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मधुपुर में 'सौ साल बेमिसाल' कार्यक्रम का समापन

**मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि नगर भवन बनेगा गांधी हेरिटेज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर शहर के लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट परिसर में महात्मा गांधी के आगमन की शताब्दी पर आयोजित 'सौ साल बेमिसाल' कार्यक्रम के अंतिम दिन संध्या को एक ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'अतुल्य मधुपुर' नामक एक विशेष पुस्तक का लोकार्पण किया गया।

**गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया पुस्तक का लोकार्पण :** इस ऐतिहासिक क्षण में महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी, झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन, एसडीओ राजीव कुमार के साथ-साथ गुजरात से आये अशोक चौधरी, विजय प्रताप, कलानंद मणि, डॉ. सुनिलम, सौरभ, डॉ. अलका, सुधीर गंडोत्रा, कनाडा से आये शिव कुमार गुप्ता, रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया, पूर्व प्रोफेसर डॉ. सुमन लता, नागरिक समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार और आयोजन समिति के सचिव पंकज पीयूष ने संयुक्त रूप से 'अतुल्य मधुपुर' पुस्तक का लोकार्पण किया। अतुल्य मधुपुर' पुस्तक है एक सांस्कृतिक खजाना आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम ने उपस्थित जनसमूह को पुस्तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संपादक मंडली ने मधुपुर के इतिहास को समेटते हुए इस पुस्तक को तैयार किया है। 384 पन्नों की इस पुस्तक को छह अध्यायों में विभाजित किया गया है और इसे छह अलग-अलग भाषाओं में लिखा गया है, जो मधुपुर के इतिहास और संस्कृति को एक ही स्थान पर संजोये हुये है। जनता के इंतजार का अंतः 100 दिन बाद मधुपुर पहुंचे मंत्री हफीजुल हसन मंत्री एवं स्थानीय विधायक हफीजुल हसन ने लगभग 100 दिनों के बाद अपनी कर्मभूमि और जन्मभूमि मधुपुर में आकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और कार्यक्रम को संबोधित किया।

**ऐतिहासिक घोषणाः** मंत्री हसन ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा, '100 वर्ष पूर्व 1925 में महात्मा गांधी द्वारा उद्घाटित किये गये नगर भवन को गांधी हेरिटेज के रूप में विकसित किया जायेगा। इसका उद्देश्य यह है कि आने वाली पीढ़ियां उनके विचारों को स्मरण कर सकें।'




'अतुल्य मधुपुर' पुस्तक का लोकार्पण करते तुषार गांधी और मंत्री हफीजुल हसन।

## बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में एक की हुई मौत, सात घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा गांव के रांची-गुमला मुख्य मार्ग गुरुवार की शाम छह बजे सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसी हादसे में सात लोग घायल हो गये, जिसमें से दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मृतक की पहचान खोरा जामटोली निवासी फौदा उरांव (54) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में गंभीर रूप से चोटिल जामटोली निवासी राजकुमार उरांव और सिसई लकिया मोड़ निवासी भूमि देवी का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार फौदा उरांव और राजकुमार उरांव दोनों राज मिस्त्री का काम कर डुमरडीह से अपने गांव बाइक से लौट रहे थे। तभी सिसई से गुमला की ओर आ रही बोलेरो से खोरा के समीप टक्कर हो गई। इस हादसे में फौदा उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिसमें सवार भूमि देवी को चोट आई है। जबकि अन्य सवार को आंशिक चोट आई है। इस बाबत भूमि देवी ने बताया कि वे लोग अपने गांव से बोलेरो में सवार होकर गुमला जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

## आरएसएस ने हर्षोल्लास से मनाया गया शरद पूर्णिमा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। इसमें त्रिलोचन प्रधान विभाग कार्यवाह गुमला, साहु प्रकाश लाल विभाग संचालक गुमला, शम्मी कुमार विभाग प्रचारक गुमला, विजेंद्र उरांव विभाग सह सेवा प्रमुख, राजेश साहु जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री मनीष बाबू, प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहु, संरक्षक रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड प्रखण्ड संयोजक सौरभ ताम्रकर आदि शामिल हुए। आरएसएस 2025 में अपने गौरवशाली 100 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में पूरे देश में शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी कड़ी में शरद पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाया। साहु प्रकाश लाल ने घोषणा करते हुए सह खण्ड कार्यवाह मुकेश ताम्रकर को नया दायित्व सौंपा। जबकि त्रिलोचन प्रधान ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से युक्त पूरे शबाब पर होता है। शरद पूर्णिमा को खीर बना कर जालीदार कपड़े से ढककर खुले आसमान के नीते रख दिया जाता है। मध्यरात्रि को जब चंद्रमा सोलह कलाओं से युक्त होकर अपने प्रकाश से अमृत की वर्षा करता है तो वह अमृत खीर में समा जाता है जो अमृत खीर कहलाता है। प्रातः काल परिवार के सभी लोग स्नान ध्यान कर उस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं जिससे लोग सालों भर रोगमुक्त होकर एक स्वास्थ्य जीवन व्यतित करते हैं। वहीं, कार्यक्रम के समापन पर सभी के बीच खीर का प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा, आचार्य आचार्या, छात्र छात्राएं, अभिभावक दिलीप गुप्ता , लक्ष्मी यादव, अनिल साहु, संदीप गुप्ता, उदयचंद देवघरिया, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## मैत्री प्रोजेक्ट के कार्यशाला का आयोजन

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के डुमरी प्रखंड मुख्यालय में मैत्री प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन एवं पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय के प्रधानाध्यापक, जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आदि शामिल हुए। पहले दिन के सत्र में लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन को सशक्त बनाने, पंचायत-विद्यालय समन्वय को मजबूत करने और पीवीटीजी समुदाय के बच्चों की शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिभागियों को टीआइपीपीएस एवं एएलपी जैसे शिक्षण उपकरणों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही समूह गतिविधियों के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिक्षा सुधार की उत्कृष्ट पहलें साझा की गईं। कार्यशाला के दूसरे दिन 45 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस सत्र में पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायत सचिवों की सहभागिता के साथ पीएआइ 2.0, पंचायत की भूमिका एवं समुदाय आधारित शिक्षा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान आगामी नाइट ब्लड सर्वे, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान और समृद्धि प्रोजेक्ट के तहत स्कॉलरशिप प्रोग्राम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में प्रतिभागियों ने मैत्री प्रोजेक्ट के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहयोग को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस सफल आयोजन में जिला प्रशासन, गुमला तथा पिरामल फाउंडेशन टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## वृंदा से लापता तीन बच्चों में से एक घर लौटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के वृंदा पंचायत से अचानक तीन नाबालिग बच्चे अचानक लापता हो गये। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, वृंदा नवाटोली निवासी जगमोहन कुम्हार का 11 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार, वृंदा बहवार टोली निवासी पवन प्रधान का पुत्र विनय प्रधान (12) और ललित उरांव का पुत्र रोशन उरांव (10) सोमवार से लापता हैं। हालांकि काफी खोजबीन के बाद गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से डुमरडीह चौक के पास से लापता बच्चा विनय प्रधान बरामद हो गया। जबकि दो बच्चे सत्यम कुमार और रोशन उरांव की तलाश जारी है। उधर, परिजन और ग्रामीणों ने विनय से पूछत कि वह चार दिनों में कहां था, तो उसने कुछ स्पष्ट नहीं बताया। वहीं मुखिया सत्यवती देवी ने पुलिस को सूचना दी है। जिसके बाद एसआई संजीवन उरांव अपनी टीम के साथ गुरुवार की सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर बाकी दो बच्चों की तलाश में जुटे है।

### गुमला में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन : शुरू हुआ 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' हस्ताक्षर अभियान

# भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में काबिज रहना चाहती है, 'बिहार' इसका उदाहरण : के राजू

### कांग्रेस के साथ मिलकर जनता को भी भाजपा के षड्यंत्र के खिलाफ आवाज उठानी होगी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के राजू और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश गुरुवार की शाम गुमला पहुंचे। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दोनों का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की सहित कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर के राजू ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य गांव-गांव में जाकर जनता को बताना है कि भाजपा साजिश के तहत लोगों के मताधिकार को छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में


कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में बोलते कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं अन्य गणमान्य सदस्य।

एसआइआर प्रक्रिया के नाम पर करीब 65 लाख आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने चेताया कि इसी तरह का षड्यंत्र झारखंड में भी किया जा सकता है। के राजू ने कहा कि कांग्रेस अब पंचायत स्तर पर 12 सदस्यीय समिति बनाकर इस साजिश का मुकाबला करेगी। इन समितियों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) शामिल होंगे, जो मतदाता सूची की जांच कर सुनिश्चित करेंगे कि किसी का नाम लिस्ट से न हटे। हर पंचायत से 500 हस्ताक्षर जुटाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे जाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले महीने झारखंड सरकार पेसा कानून लागू करेगी, जिससे गांवों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार मिलेगा। उन्होंने जिला अध्यक्षों को जिम्मेदारी निभाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी जीत तक की जवाबदेही जिला कमेटी की होगी। पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा करना और उसे लगातार रिव्यू करना पार्टी की प्राथमिकता है। वहीं, बंधु तिर्की ने भाजपा पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता में नहीं रहना चाहती। उसकी मंशा वोट चोरी कर सत्ता पर काबिज रहने की है। बिहार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां आदिवासी, दलित और पिछड़े समाज के वोटरों का नाम मतदाता सूची से गायब कर दिया गया। कहा कि हर नागरिक को इस साजिश के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान में शामिल होना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने भरोसा जताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वे उस पर खरे उतरेंगे और 2029 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मुरली मनोहर प्रसाद ने किया। इस मौके पर आशिक अंसारी, दीप नारायण उरांव, अकील रहमान, आजाद अंसारी, आफताब आलम, रोहित विकी, गुलाम सरवर, मो फिरोज आलम और अल्बर्ट तिग्गा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर से बाहर जाने से रोकने पर पति ने की पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** थाना क्षेत्र के झिकिरमा पंचायत स्थित बनईडेगा गांव में मानसिक रोग से ग्रस्त पति विजय सोरेंग ने अपनी पत्नी वीणा ज्योति एक्का (33) की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बुधवार की रात 12 बजे की बतायी जा रही है। गुरुवार को इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये। उन्होंने हत्या के आपोरी विजय सोरेंग को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी पत्नी वीणा ज्योति एक्का के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात विजय सोरेंग अपने घर से निकलकर बाहर जाना चाह रहा था। पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पत्नी वीणा ज्योति एक्का ने उसे रोकने का प्रयास किया। इसी बात से क्रोधित होकर विजय सोरेंग ने एक डंडा उठाया और पत्नी वीणा ज्योति एक्का पर ताबड़तोड़ प्रहार करने लगा। वह वीणा की तब तक पिटाई करता रहा, जबतक उसकी मौत ना हो गयी। इसके बाद गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पालकोट थाने को दी। खबर पाते ही थाना प्रभारी तरुण कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचेऔर आरोपी विजय सोरेंग को गिरफ्तार कर लिया।

## बिजली की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिला गुमला चेंबर का प्रतिनिधिदल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को विद्युत विभाग के कार्यपालका अभियंता विनय कुमार सिंह से उनके कार्यालय में जाकर मिला। उनके साथ गुमला में बिजली से संबंधित कई समस्याओं को लेकर चर्चा की। अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा के अब बारिश का मौसम खत्म होने वाला है। कम से कम पावर कट की समस्या को खत्म किया जाए और बिजली की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाया जाए। वहीं, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने कहा कि बिजली बिल में रीडिंग से संबंधित जो भी गड़बड़ी है उसे तत्काल सुधारा जाए। इस बाबत पदाधिकारी ने दो मोबाइल नंबर 9608356155, 9472760822 सुझाए और आमजन से अपील की कि किसी के मीटर में कोई भी गड़बड़ी है, बिलिंग में कोई गड़बड़ी है तो इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यह भी कहा कि जिनका स्मार्ट मीटर लगा है और मोबाइल नंबर किसी वजह से रजिस्टर नहीं हो पाया है तो वह कार्यालय में आकर अपना नंबर रजिस्टर कर लें। विद्युत विभाग और चेंबर के तरफ से यह तय हुआ कि दीपावली-छठ पूजा के बाद विद्युत विभाग के कार्यालय परिसर में आमजन के लिए एक शिविर लगाया जाएगा जिसमें विद्युत संबंधी सभी समस्याओं का निदान करने की कोशिश की जाएगी। इस मौके पर सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी ने दी।

## जनजातीय कृषकों का उन्नत कृषि तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित

**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुमसे, अरंगलोया, बड़ी समदरी, छोटी समदरी एवं हेसराग गांव के लघु एवं सीमांत जनजातीय कृषकों के लिए उन्नत कृषि आधारित आय संवर्धन परियोजना के तहत आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें रबी मौसम की फसलों की उन्नत तकनीकों से खेती करने की विधियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, श्री विधि से धान की खेती, जैविक खेती और औषधीय पौधों के संरक्षण जैसी तकनीकों पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन हो और किसानों की आय बढ़े। कार्यक्रम में आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन की टीम के साथ लगभग 25 जनजातीय महिला एवं पुरुष कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसउद्देश्य कृषकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना था।

## बैंक अधिकारी बनकर साइबर अपराधी ने उड़ाये 14500 रुपये

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा थाना क्षेत्र के कुरडेग चापाबारी निवासी पिंकी कुमार ने ऑनलाइन ठगी का शिकार होने की शिकायत गुरुवार को गुमला थाने में दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की सुबह 11.30 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। जिसने खुद को बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि उनका खाता बंद हो गया है, जिसे चालू करने के लिए ओटीपी नंबर साझा करना होगा। बैंक अधिकारी समझकर पिंकी ने उसे मोबाइल पर आए ओटीपी नंबर को साझा कर दिया। थोड़ी ही देर बाद उसके बैंक खाते से तीन किस्तों में कुल 14 हजार 688 रुपये कटने का मैसेज मिला। ठगी का एहसास होने पर पिंकी ने तुरंत अपने बैंक से संपर्क किया, लेकिन तब तक पैसे कट चुके थे। इसके बाद पीड़िता ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत की है।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**सिसई (आजाद सिपाही)।** मेन रोड स्थित न्यू पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। हालांकि सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की सूझबूझ से एक बड़ी घटना टल गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर न केवल स्थिति को संभाला, बल्कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह भी करा दी। जानकारी के अनुसार, सिसई मेन रोड निवासी दुर्गा साहु, उनकी पत्नी विद्या देवी और पुत्र सुनील कुमार के साथ पड़ोसी जाफरान अंसारी, उसका भाई गुफरान अंसारी और पुत्र बबलू अंसारी के बीच गुरुवार सुबह 8.15 बजे विवाद हुआ। विद्या देवी दीपावली की साफ-सफाई कर रही थी, जिसे जाफरान से रुकवा दिया। इसी बात को लेकर मारपीट हो गयी।

## नेतृत्व संगम में शामिल होने गुमला पहुंचे झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू बुधवार की देर शाम गुमला पहुंचे। गुमला परिषदन में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार, के राजू खूंटी जिला से सड़क मार्ग से लगभग 75 किलोमीटर की यात्रा कर गुमला पहुंचे। रात विश्राम गुमला सर्किट हाउस में किया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजनील तिग्गा और अन्य इकाइयों के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद गुरुवार को समगम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिलेभर से पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। माना जा रहा है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और आने वाले चुनावी रणनीति पर दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने बताया कि यह कार्यक्रम गुमला कांग्रेस संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार होगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
ROAD DIVISION, KHUNTI

e-Procurement Notice

E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/984 Date :- 09-10-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | BALANCE WORK OF WIDENING AND STRENGTHENING SISAI-LAPUNG-DORMA ROAD(MDR 030) FROM K.M. 00.00 TO 43.40 |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 12,78,89,573.00 Rs. Twelve Crore Seventy Eight Lakhs Eighty Nine Thousand Five Hundred Seventy Three only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 12,79,000.00 Rs Twelve Lakhs Seventy Nine Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 03 Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 11.11.2025 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 17.10.2025 at 12:00 Noon |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti

PR 363733 Road(25-26)#D

## सरांगो में वन भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों में आक्रोश

### ग्रामीणों ने कहा : जब तक कब्जा नहीं हटेगा, आंदोलन जारी रहेगा, फॉरेस्टर बोले- मामला कोर्ट में

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के सरांगो पंचायत भवन बगीचा में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें बौना बांध के पास वन विभाग की जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा किए गए कथित अवैध कब्जे के विरोध में सर्वसम्मति से आवाज उठाई गई। बैठक में मुखिया राजेश बड़ाइक और ग्राम प्रधान सुशील उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने बताया कि पोखरा टोली निवासी एक व्यक्ति ने वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। इसकी जानकारी मुखिया ने पत्र के माध्यम से वन विभाग को दी थी और विभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया गया था, ताकि तथ्य स्पष्ट हो सकें। लेकिन खेद की बात है कि वन विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मी बैठक में उपस्थित नहीं हुआ। ग्रामीणों ने विभाग की अनुपस्थिति पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विभागीय लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अवैध कब्जा हटाया नहीं जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।ग्रामीण चुप नहीं बैठेंगे। वहीं, इस संबंध में फॉरेस्टर शेखर सिंह ने फोन पर बताया कि विभाग की ओर से उक्त व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। सुनवाई के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बिंदेश्वर महतो, केश्वर यादव, सुमन उरांव, अमर राम, राजेंद्र राम, रजनी भगत, राजेश महतो, रामविलास राम, उदय उरांव, सीमा देवी, बसंती देवी, पारो देवी आदि उपस्थित थे।

## घाघरा के कई गांव में बेची जा रही अवैध शराब, उत्पाद विभाग ने की कार्रवाई

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई गांव में अवैध शराब बिक्री करने के विरुद्ध गुमला उत्पाद विभाग की ओर से छापामारी अभियान चलाया गया। बेलागड़ा, आरंगी, गुनिया गांव में उत्पाद विभाग द्वारा की



गयी छापामारी के क्रम में करीब 38 लीटर अवैध चोलाई महुआ शराब एवं करीब 60 किलो तैयार जावा महुआ बरामद करते हुए उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं, अधिक मात्रा में अवैध शराब निर्माण होने के कारण पकड़े गए चार अभियुक्त को संधान शुल्क लेकर और हिदायत देकर छोड़ा गया। उत्पाद विभाग के छापामारी दल का नेतृत्व अवर निरीक्षक उत्पाद प्रदीप करमाली कर रहे थे। उनके साथ विकास कुमार निराला, नवल शर्मा सहित सिपाही और सशस्त्र जवान शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 18/2025–26 दिनांक– 08.10.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.10.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.10.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.10.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉंची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड बारियातु के ग्राम लादु में नीचे टोला से बड़खबरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2228600/- | 45000 /- | 5000/- | 01 (One) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार ।

PR.NO.363653 Building(25-26):D

## टुंडी सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** टुंडी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन की तैयारी हेतु राजगंज मंडल के ठाकुरबारी राम जानकी मंदिर में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ने की, संचालन नीलकंठ रवानी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मोहन कुंभकार ने किया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी बचत महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा हुई। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी जैसे संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। टुंडी विधानसभा सम्मेलन 16 अक्टूबर 2025 को गोमो मंडल स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित होगा। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। वहीं विधानसभा संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानरंजन सिन्हा ने आत्मनिर्भर भारत व जीएसटी महोत्सव के उद्देश्यों पर मार्गदर्शन दिया। मौके पर मनोज मिश्रा, सुरेश महतो, हिरामन नायक, समीर साव, प्रदीप वर्मा, वासुदेव कुमार, विरीची सिंह, राजेश सिंह, सुनील मंडल, सुरेश किस्कु सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर में आठ यूनिट रक्त का संग्रहण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 9 सितंबर को स्वास्थ्य पखवाड़े के अंतर्गत रक्त दान शिविर फेडरल बैंक धनबाद एवं भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद एवं पैटरान सदस्य लोकेश अग्रवाल एवं प्रमोद गोयल आजीवन सदस्य एवं मैनेजर राना रोहित फेडरल बैंक उपलब्ध रहें। शिविर में प्रमोद गोयल ने भी रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। गुरुवार को 10 यूनिट देने हेतु रक्त दाता उपलब्ध रहें पर दो व्यक्ति का हेमगलोबीन कम होने के कारण 8 यूनिट रक्त संग्रह किया गया है जो एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक धनबाद को सुपुर्द किया गया। ब्लड बैंक की ओर से संजीव कुमार, राहुल मुर्मू, अभिषेक अधिकारी, जानसन, शंभू उपलब्ध रहें।

## बैठक में दजनों स्वयं सेवी संस्थाओं ने लिया भाग



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सारथी धनबाद से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं की बैठक विरसा मुंडा स्काउट एवं गाइड के कार्यालय में पप्पू पंडित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के दर्जनों स्वयं सेवी संस्थाओं ने भाग लिया। आगामी 5 नवंबर से जस्ट ट्रांजिसन यात्रा - अबुआ भविष्य की सफलता को लेकर गहन चर्चा किया गया। जस्ट ट्रांजिसन यात्रा का आगमन 7 नवंबर को होगा। जिसकी तैयारी की गयी। यात्रा का स्वागत गिरिडीह से आने के क्रम में गोविंदपुर में किया जायेगा एवं गोविंदपुर, धनबाद, झरिया एवं महुदा में कई कार्यक्रम किये जायेंगे। यात्रा का शुभारंभ 5 नवंबर को भोगनाड़िह से एवं समापन उलिहातु में किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सारथी झारखंड के शंकर रवानी ने कहा कि जस्ट ट्रांजिसन यात्रा भोगनाडीह से प्रारंभ होगी। यात्रा का उद्देश्य न्यायपूर्ण और हरित भविष्य की ओर है। भोगनाडीह की मिट्टी से उठेगी नयी पुकार एक पहल जो शुरूआत है, झारखंड की न्यायपूर्ण बदलाव की ओर बढ़ने की। जस्ट ट्रांजिसन का उद्देश्य अबुआ भागिदारी अबुआ भविष्य है। बैठक में मुख्य रूप से मालती देवी, आशा किरण युवा संस्था, सुदर्शन साव और इमानुल खान ग्रामीण विकास केन्द्र, भारती दुबे सखिआम फाउंडेशन, गणेश शर्मा आयुष फाउंडेशन, एमडी इमामुल हक ग्रामीण विकास केन्द्र, रमेश महतो नई दिशा, अशरफ आलम राम रहीम संस्था, शंकर रवानी, विनोद महतो झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट, दामोदर प्रसाद साव शिक्षा समाधान ट्रस्ट, रोमा कुमारी महतो, संगीता कुमारी स्वाभीमान, मगधेश कुमार किसान विकास ट्रस्ट, ए के सिंह जीवन, पप्पू पंडित बिरसा मुंडा एंड गाइड, सुभाष मिली जन सहयोग विकास ट्रस्ट सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## शारदा सिंह ने विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर की बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने की। इस बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से चर्चा की गयी। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी और लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये गये और जिनका भी पुराने तीन या उससे अधिक कार्य पूरा नहीं हुआ है, उन्हें नये कार्य के लिए टेंडर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। बैठक में भविष्य में होने वाली विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा की गयी और उनकी रूपरेखा तैयार की गयी। इस बैठक का उद्देश्य जिला परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों को गति प्रदान करना और उन्हें अधिक प्रभावी बनाना था। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे विकास कार्यों को प्राथमिकता दें और उन्हें समय पर पूरा करने का प्रयास करें।

## एनसीपी के पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी अगले छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जिला के पूर्व अध्यक्ष उमेश गोस्वामी के उपर लगे कई गंभीर आरोपों के कारण उन्हें पार्टी से अगले 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है । उक्त बातें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही । सिंह ने कहा कि उमेश गोस्वामी को जब से पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है तब से ही वे पार्टी के पद का दुरुपयोग कर रहे थे । इन पर कई गंभीर आरोप लगे, जिस पर जांच कमेटी का गठन भी किया गया था । जांच की कार्रवाई में गोस्वामी अपना पक्ष रखने हेतु तीन तिथियों में से एक भी तिथि में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रख सके तथा धनबाद के कई विभागों से शिकायतें भी मिल रही थी कि वे पार्टी का धौंस दिखाकर पदाधिकारी से मुद्रा मोचन करते थे। इन सबों को देखते हुये गोस्वामी को अगले 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है तथा जिले के सभी प्रशासनिक व विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को इसकी सूचना भी दे दी गयी है। अगर इसके बावजूद भी ये पार्टी के नाम का दुरुपयोग करते हैं तो इनके उपर पार्टी कानूनी कार्रवाई की जायेगी ।

# एफसीआइ रेलवे यार्ड लोडिंग पॉइंट में गोलीबारी में एक घायल, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद ।** धनसार एफसीआई रेलवे यार्ड लोडिंग पॉइंट बरमसिया में गुरुवार को हुई गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान ट्रक ड्राइवर श्रवण यादव के रूप में हुई है। ट्रक एसोसिएशन और अन्य लोगों ने तीन लोगों को मौके पर पकड़ा है। पकड़े जाने पर भीड़ ने उनकी पिटाई कर दी, बाद में पुलिस उन्हें भीड़ से छुड़ाकर अपने साथ ले गई। हालांकि, पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की है। दरअसल, एफसीआइ के ट्रक चालक आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार किराया वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर थे।इस दौरान एक स्कॉर्पियो सवार लोग मौके पर पहुंचे और हड़ताल कर रहे लोगों को धमकाने लगे, फिर फायरिंग कर दी।इस गोलीबारी की घटना में ड्राइवर श्रवण यादव को गोली लगी है और उसका इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एफसीआई के ट्रक चालक किराया बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। जिसके विरोध में हथियार लेकर कुछ लोग पहुंचे और इस घटना को अंजाम दिया। जिससे अपरा तफरी मच गई। वहीं तीन लोगों को पकड़ कर लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ठेकेदार संजय सिंह और कुणाल सिंह पर गोलीबारी का आरोप है। माल लाद रहे डब्लू यादव ने बताया कि ट्रक चालक किराया बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे।20 से 25 लोग स्कॉर्पियो से आए और चालकों को धमकाने लगे। इस दौरान सात से आठ राउंड फायरिंग हुई, जिसमे एक चालक श्रवण यादव को गोली लग गई। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई है। गोली चलाने वाले को पकड़ लिया गया है। उसे इलाज के लिए भेजा गया है। एक व्यक्ति को गोली लगी है और उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पिस्तौल, दो मैगजीन और गोलियां भी बरामद की गई हैं।

# आद्रा मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में चलाया गया स्वच्छ आहार अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** रेलवे के आद्रा मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा (01 से 15 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत, स्पेशल कैंपेन फॉर डिस्पोजल ऑफ पेंडिंग मैटर्स (एससीडीपीएम 5.0) के उपलक्ष्य में गुरुवार को ह्यस्वच्छ आहार अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में सफलतापूर्वक चलाया गया। इस अवसर पर आद्रा, पुरूलिया, बांकुड़ा, बोकारो सहित प्रमुख स्टेशनों पर स्थित कैंटीनों, फूड स्टॉल्स, बेस किचन और ट्रेनों की पेंट्री कारों की गहन सफाई एवं निरीक्षण कार्य किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था, रसोई क्षेत्र की स्वच्छता, फूड वेंडर्स, कैंटीन कर्मियों एवं पेंट्री कार स्टाफ के एफएसएसएआई प्रमाणपत्र और चिकित्सीय फिटनेस सर्टिफिकेट, व्यक्तिगत हाइजीन मानको आदि की जांच की गयी। साथ ही, परिसर मे सफाई व्यवस्था में सतत सुधार एवं निरंतर बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिये गये। अभियान के दौरान यात्रियों एवं खानपान कर्मियों को कचरे के पृथक्करण (सेग्रेगेशन) के लाभों की जानकारी दी गयी तथा स्टेशनों और पेंट्री कारों में गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी। इसके अतिरिक्त, आद्रा मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, रेलवे ट्रैकों, स्वास्थ्य इकाइयों और आवासीय परिसरों में भी व्यापक स्वच्छता अभियान एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस आशय की जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता पैदा करना, यात्रा के दौरान कूड़ा-कचरा न फैलाने के महत्व को समझाना और सार्वजनिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण का निर्माण करना बताया गया।

# इस्पात भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इस्पात भवन में गुरुवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) सीआरके सुधांशु के साथ संपर्क एवं प्रशासन विभाग के उप महाप्रबंधक आलोक कुमार, वरीय प्रबंधक विभा रानी, सहायक प्रबंधक मानस चंद्र रजवार सहित वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिष्ठित कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिन्दी भाषा की समृद्धि और साहित्य की विविधता को सशक्त रूप से दर्शाया। कवि सम्मेलन में सुख नंदन सिंह 'सदय', भुटकुन झा, विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', अरुण पाठक, डॉ आशा पुष्प, महाश्वेता, शैलजा झा, दीप्ति निशंक, श्रीमती नीलम झा, रिंकू गिरि तथा डॉ रणजीत कुमार झा ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर किया। उनकी रचनाओं ने राजभाषा हिन्दी की अभिव्यक्ति और साहित्यिक गरिमा को नयी उंचाइयां प्रदान की। मंच संचालन अरुण पाठक एवं कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) आलोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक श्री मानस चंद्र रजवार (संपर्क एवं प्रशासन) ने किया।

# साइबर क्राइम में संलिप्त लोगों की तलाश में दिल्ली पुलिस पहुंची कुलटांड गांव

**घरों में चिपकाया नोटिस, पुलिस के जाने के बाद दिया फाड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** देशभर में फैले साइबर अपराध नेटवर्क के तार अब महुदा थाना क्षेत्र से भी गहराई से जुड़ते नजर आ रहे हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल ब्रांच की एक टीम ने बीते बुधवार से गुरुवार तक महुदा क्षेत्र में कई स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर इलाके में हड़कंप मचा दिया है। इस दौरान कुलटांड, राधानगर समेत कई गांवों में संदिग्ध घरों पर नोटिस भी चिपकाए गए।सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से महुदा क्षेत्र के कई युवा साइबर अपराध में संलिप्त पाए गए हैं।

दिल्ली, हैदराबाद और पंजाब जैसी दूर-दराज की पुलिस टीमों का लगातार इस क्षेत्र में आना और पूछताछ करना इस बात की पुष्टि करता है कि यह इलाका अब साइबर क्राइम का नया गढ़ बनता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो पुलिस द्वारा चिपकाए गए नोटिस को बाद में संलिप्त युवकों और उनके परिजनों द्वारा फाड़ दिया गया। कुछ ने तो खुलेआम यह कहते हुए चुनौती दी कि ह्लदो लाख में पुलिस को खरीद लेंगे, पहले भी किया है और अब भी सेट हो जाएगा।ह्व इस बयान से साफ झलकता है कि अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि जिन युवकों पर शक जताया जा रहा है, उन्हें अक्सर पुलिस टीमों द्वारा पूछताछ के बाद छोड़ दिया जाता है, जिससे उनका मनोबल और बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाहरी टीमों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच कथित सेटिंग के चलते केवल औपचारिकता निभायी जाती है, जबकि असली दोषी कानून की पकड़ से दूर बने रहते हैं। क्षेत्र में यह भी चर्चा जोरों पर है कि स्कूली छात्र तक अब इस अपराध में लिप्त हो रहे हैं। परिजन भी लालचवश इन गैरकानूनी गतिविधियों में उनके सहयोगी बनते जा रहे हैं।

## डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह समाहरणालय परिसर से जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम केतहत 'तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3 .0 शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। आगे उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तंबाकू के सेवन से दूर रहने की शपथ दिलायी और हस्ताक्षर कर नशे से दूर रहने की सलाह दी, ताकि अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इस लत से दूर किया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि तम्बाकू के दुष्प्रभावों से सभी को अवगत कराने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। यह अभियान पूर्व में चलाए गए तंबाकू मुक्त युवा अभियानों का तीसरा चरण है, जो नई रणनीति और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जा रहा है। इस 60 दिवसीय अभियान का उद्देश्य तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरुकता बढ़ाना, युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना और जिले को तम्बाकू मुक्त बनाना है। मौके पर उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जोड़ापोखर पैक्स के जमाकर्ता थाना का करेंगे घेराव



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर पैक्स की कई शाखा से लोन लेकर जमा नहीं करने पर कई थाना क्षेत्र में वारंट निकल जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई करवाई नही करने से जमाकर्ताओं द्वारा जल्द ही थाना का घेराव किया जाएगा। उक्त बातें की जानकारी जोड़ापोखर बस्ती शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में पैक्स के चेयरमैन आशा हेम्ब्रम ने दिया है। श्रीमती हेम्ब्रम ने कहा की पैक्स 2015-16 में बंद होने के बाद 3 करोड़,27 लाख रुपये का लोन बकाया हैं। जिसमे झरिया थाना में लोन 44 , जोड़ापोखर में 13, लोदना में 4, अलकडीहा में 2, बलियापुर में 6, धनबाद चांदमारी में16, राजगंज में 1 आदि बाकी है। इन सभी थाना क्षेत्र में घेराव किया जायेगा। लोन भागा, झरिया, डिगवाडीह, चांदमारी ब्रांच से लिया गया है।सबसे अधिक लोन लेने वाले झरिया के ब्यवसायी आनंद अग्रवाल 4 लाख लिए हुए हैं। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री जनसंवाद योजना वर्ष 2015-16 में बंद होने के बाद ही यह स्थिति पैदा हुआ है। वार्ता में आनंद बेसरा, मनोज महतो,कृष्णा महतो, बसुदेव महतो आदि शामिल थे।

# 'एक नये सफर की शुरुआत' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 24 कर्मियों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से 9 अक्टूबर को मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नयी मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग के कनीय प्रबंधक श्री प्रणव कुमार बिद्रोही ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में जानकारी साझा की। डॉ जया लक्ष्मी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वास्थ्य प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में बताया। एक्सिस बैंक लिमिटेड, बोकारो क्लस्टर कार्यालय के वाइस प्रेसिडेंट सतीश कुमार एवं मुकेश कुमार सहित उनकी टीम ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश के विकल्पों एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में सुझाव दिए। इसके अतिरिक्त, श्री प्रेम लाल महतो, सहायक शाखा प्रबंधक (कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने एनपीएस एग्जिट प्रक्रिया से संबंधित जानकारी साझा की। अनीता झा (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

## घर में दंपत्ति और मासूम का शव मिला, जांच शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिले के जोगता थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। सिजुआ स्थित न्यू साइडिंग नंबर वन कॉलोनी में एक ही परिवार के तीन सदस्य संदिग्ध हालात में मृत पाये गये। मृतकों में 26 वर्षीय राजा अंसारी, उनकी पत्नी 21 वर्षीय अमीना खातून और उनकी दो वर्षीय बेटी मायरा शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर एसएनएमएमसीएच पोस्टमार्टम हाउस भेजा। फिलहाल परिवार का कोई सदस्य अस्पताल नहीं पहुंचा, जिस कारण पोस्टमार्टम की प्रक्रिया रुकी हुई है। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही है।

# नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लें युवा : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता लाने और युवाओं को तंबाकू के लत से दूर करने हेतु जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 कार्यक्रम का आयोजित किया गया। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित उपायुक्त अजय नाथ झा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह, नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह, भीवीडी पदाधिकारी डॉ रेनू भारती, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल चौबे उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह अभियान एक निरंतर सामाजिक आंदोलन है। इसके लिए उन्होंने सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं ताकि बोकारो जिला राज्य का पहला तंबाकू मुक्त जिला बन सके। उपायुक्त ने कहा कि अभियान में विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जायेगा। जिसमें 400 स्कूलों सहित जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों तथा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाना है। जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थान स्व-प्रमाण दें कि उनका विद्यालय तम्बाकू मुक्त है। वहीं सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि यह अभियान दिनांक 09 अक्टूबर 2025 से 07 दिसम्बर 2025 तक 60 दिनों के लिए चलाया जायेगा। इन 60 दिनों में तंबाकू के दुष्प्रभाव से युवाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जायेंगी।


**Office of the Civil Surgeon, Koderma**
**Sadar Hospital, Koderma, Jharkhand-825410.**

Ref. No ......162.... (DHS/MMJAY) DATED ...07. / 10/2025

**EXPRESSION OF INTEREST**

(Invited Expression of Interest through E-Tender only)

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Strengthening of Model Primary Health Centers Dardahi and Community Health Centers, Jainagar (Project Maternal and Newborn Protection ) |
| 2 | Period of Work | 90 DAYS |
| 3 | Date of Publication of Bid/EOI on the Jharkhand procurement portal | 09 /10/2025 |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) | Bid Security/Earnest Money Deposit Rs. 50000.00 (Fifty Thousand Only) Submission through online payment gateway. |
| 5 | Pre bid meeting | 13 /10/2025 Time 04 PM., District Commissioner's Conference Hall , Koderma (Online – link publish on district web site i.e. www.koderma.nic.in |
| 6 | Last date and time of receipt to Bid/EOI | Date: 24/10/2025; Time: 12:00 (Noon) |
| 7 | EOI Opening Date and technical presentation. | 25/10/2025, at 02:00 PM |
| 8 | EOI Opening Place and date & time | Date 25/10/2025, Time 2:00 PM Conference Hall Collectorate Building First Floor, Koderma- 8254109 |
| 9 | Contact Number | Email Id: dpcabpmjaykdm@gmail.com |

The interested tenderer (Firms/Agencies /Individuals) may upload their bid/EOIs/EOI along with duly signed scanned copies of all relevant certificates, documents etc., in support of their technical & financial bid/EOIs on the JHARKHAND PROCUREMENT PORTAL Portal.

1. Tender document is available for viewing/downloading on the 'tenders' link of the Koderma District Official Website i.e., https://koderma.nic.in/ and on Jharkhand procurement portal.
2. Any Corrigendum to this tender will be notified through the aforesaid websites only. Selection of the successful bid/EOI will be at the sole discretion of the District Purchase committee, Koderma, who reserves the right to accept or reject any or all the proposals without assigning any reasons.
3. The relevant attachments shall be uploaded on Jharkhand procurement portal portal at relevant upload fields.
4. The Financial Bid/EOI shall be submitted through Jharkhand procurement portal portal only.

-sd-
Civil Surgeon
Koderma

PR 363758 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

-sd-
Deputy Commissioner
Koderma


## भारत और ब्रिटेन के बीच 3884 करोड़ रुपये की मेगा डिफेंस डील

# भारतीय सेना को कम वजनवाली मल्टीरोल मिसाइलें देगा ब्रिटेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच बड़ी रक्षा डील हुई है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने 468 मिलियन डॉलर (करीब 3,884 करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर सहमति जतायी है। इस समझौते के तहत ब्रिटेन इंडियन आर्मी को हल्के वजन वाली मल्टीरोल मिसाइलें सप्लाई करेगा। थेल्स की कंपनी इन मिसाइलों का निर्माण करेगी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश सरकार ने इसे अपने डिफेंस इंडस्ट्री और भारत के साथ गहराते सामरिक रिश्तों के लिए ऐतिहासिक मोड़ बताया है। यह मिसाइलें ब्रिटिश कंपनी थेल्स द्वारा उत्तरी आयरलैंड में बनायी जायेंगी।

ब्रिटिश सरकार का कहना है कि इस सौदे से करीब 700 ब्रिटिश नौकरियां सुरक्षित रहेंगी, जो फिलहाल यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने वाले इसी संयंत्र में कार्यरत हैं। ब्रिटिश सरकार ने अपने बयान में कहा कि यह डील भारत और ब्रिटेन के बीच कॉम्प्लेक्स वेपंस पार्टनरशिप की दिशा में बड़ा कदम है, जिस पर दोनों देश बातचीत कर रहे हैं।



### कीर स्टार्मर ब्रिटेन में आधार कार्ड जैसा सिस्टम बनाना चाहते हैं

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अपने देश में भी भारत के 'आधार कार्ड' जैसा सिस्टम शुरू करना चाहते हैं। इसे लेकर उन्होंने कल मुंबई पहुंच कर सबसे पहले इन्फोसिस कंपनी के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि से मुलाकात की। आधार प्रोग्राम शुरू करने में नंदन नीलेकणि की सबसे अहम भूमिका रही है। स्टार्मर ने कहा कि भारत का आधार प्रोग्राम बहुत सफल है और वे इससे सीखना चाहते हैं। इसके अलावा स्टार्मर ने गुरुवार को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान ब्रिटेन-भारत में हल्की मल्टीरोल मिसाइल की सप्लाई पर एग्रीमेंट हुआ। स्टार्मर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलेंगी। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में प्रगति हुई है।

### भारतीय ट्रेनर ब्रिटिश एयर फोर्स को ट्रेनिंग देंगे

पीएम मोदी और स्टार्मर ने इंडो-पेसिफिक, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की। वहीं, रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन ने सैन्य प्रशिक्षण समझौता किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर के रूप में काम करेंगे। इस साल जुलाई में लंदन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। मोदी ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच आयात आसान होगा। इससे कारोबार बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## तालिबान के विदेश मंत्री पहली बार भारत पहुंचे पाकिस्तान घबराया

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है। इससे पाकिस्तान घबरा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी का नयी दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है। हम उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत के लिए उत्सुक हैं। मुत्तकी की यात्रा के दौरान भारतीय विदेश मंत्रालय के सामने एक कूटनीतिक समस्या पैदा हो गयी है। दरअसल, मुत्तकी की शुक्रवार को विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात हो सकती है। अब सवाल है कि जब मुत्तकी, जयशंकर से मिलेंगे तो उनके पीछे कौन सा झंडा लगेगा? भारत ने अभी तक तालिबान-शासित अफगानिस्तान को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है। इसी वजह से भारत ने तालिबान को अफगान दूतावास में अपना झंडा फहराने की अनुमति नहीं दी है। दूतावास में अभी भी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का झंडा फहराया जाता है। लेकिन, जब तालिबान-शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्तकी, जयशंकर से मिलते हैं, तो कूटनीतिक प्रोटोकॉल के अनुसार मेजबान देश (भारत) का झंडा और मेहमान मंत्री के देश का झंडा दोनों उनके पीछे या मेज पर रखे जाने चाहिए। सूत्रों के अनुसार, चूंकि भारत तालिबान को मान्यता नहीं देता, इसलिए अधिकारी इस मुश्किल से निपटने के तरीके पर विचार कर रहे हैं। 12 अक्टूबर को मुत्तकी आगरा में ताजमहल का दौरा करेंगे। इसके बाद वे नई दिल्ली में उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में शामिल होंगे, जिसे एक प्रमुख चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है। राजनीतिक स्तर पर सबसे अहम मुलाकात 10 अक्टूबर को हैदराबाद हाउस में होगी, जहां उनकी बैठक विदेश मंत्री एस. जयशंकर से तय है। यही वह स्थान है जहां भारत विदेशी नेताओं से उच्च-स्तरीय वार्ताएं करता है। मुत्तकी को इस दौरान विदेश मंत्री के समान प्रोटोकॉल दिया जायेगा।

## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 5200, दिनांक 09.10.2025 के अनुसार, मैं, प्रदीप साव (PRADEEP SAW) पिता जमुना साव, उम्र लगभग 36 वर्ष, धर्म- हिन्दु, पेशा - गृहस्थि, निवास स्थान ग्राम - मेरू, पो०-बी०एस०एफ० मेरू, जिला- हजारीबाग का निवासी हूँ, जो मैं शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या XXXX XXXX 4157 में है।
3. यह कि मेरा बेटा का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-1521 में मेरा बेटा का नाम प्रत्युष कुमार (PRATYUSH KUMAR) दर्ज है। 4. यह कि मेरा बेटा का आधार कार्ड संख्या 7925 7762 8326 में मेरा बेटा नाम परताशु कुमारी (PARTASHU KUMARI) दर्ज है।
5. यह कि प्रत्युष कुमार (PRATYUSH KUMAR) और परताशु कुमारी (PARTASHU KUMARI) दोनो नाम एक हीं व्यक्ति का है, जो मेरा बेटा है।
6. यह कि मै यह शपथ पत्र अपने बेटे का आधार कार्ड सुधारने हेतु बनवा रहा हूँ।
7. यह कि उपरोक्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

## पूर्व मध्य रेल


### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या : TRD-OT-25-GMO-YARD-25-26.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Replacement of Old age Isolator, Insulator, Section Insulator, rusted mast & Cantilever assembly of GMO Yard. कार्य समापन की अवधि– (12) बारह माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: ₹1,63,95,301.68/– निविदा प्रपत्र का मुल्य – शून्य/–, 3. बीड सिक्युरिटी : ₹2,32,000/–, 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तिथि 30.10.2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 30.10.2025 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./
पूमरे/धनबाद
पीआर/1127/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/32

# साहित्य के नोबेल पुरस्कार हंगरी के लेखक लास्जलो क्रास्नाहोरकाई को मिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** साहित्य में 2025 के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो चुकी है। हंगरी के लेखक लास्जलो क्रास्जनाहोरकाई इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किये जायेंगे। स्वीडन की स्वीडिश एकेडमी ने गुरुवार को इसका एलान किया है। साहित्य के नोबेल की घोषणा करते हुए स्वीडिश एकेडमी ने कहा कि उनका लेखन आतंक के बीच भी कला की ताकत दर्शाता है। साहित्य के क्षेत्र में दिये जाने वाला यह पुरस्कार उन लेखकों को मिलता है, जिनकी शानदार लेखनी वाली किताबें या कविताएं साहित्य में खास योगदान देती हैं। ऐसे ही हंगरी लेखक लास्जलो को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा जायेगा। उनको इस पुरस्कार से 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में सम्मानित किया जायेगा। बता दें कि इससे पहले लास्जलो को साल 2015 में मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज और 2019 में नेशनल बुक अवॉर्ड फॉर ट्रांसलेटेड लिटरेचर भी मिल चुका है। स्वीडिश अकादमी की नोबेल समिति की ओर से कुल 121 विजेताओं को 117 बार साहित्य पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। पिछले साल का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग ने अपने काम के लिए जीता था, जिसके बारे में समिति ने कहा था कि यह ऐतिहासिक आघातों का सामना करता है और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है। मालूम हो कि यह साहित्य पुरस्कार इस सप्ताह घोषित होने वाला चौथा पुरस्कार है, इससे पहले 2025 में चिकित्सा, भौतिकी और रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार दिए जा चुके हैं। वहीं नोबेल शांति पुरस्कार के विजेता की घोषणा शुक्रवार को की जायेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस पुरस्कार की दौड़ से दूर माना जा रहा है, हालांकि उन्होंने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों से कहा था कि हर कोई कहता है कि मुझे नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।

## दीपावली से पहले आ सकती है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को दिवाली 2025 से पहले 2,000 रुपये की 21वीं किस्त जारी की जा सकती है। इससे लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, यह जरूरी नहीं कि सभी पंजीकृत किसानों को यह किस्त मिले, क्योंकि जिन किसानों ने कुछ जरूरी प्रक्रियाएं पूरी नहीं की हैं, उनके खाते में यह रकम नहीं आएगी। सरकार की ओर से पहले ही पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे बाढ़ प्रभावित राज्यों के कुछ पात्र किसानों को यह किस्त जारी की जा चुकी है। लेकिन अन्य राज्यों में जिन किसानों ने नीचे दिए गए 5 जरूरी काम नहीं किए हैं, उन्हें भुगतान मिलने में दिक्कत हो सकती है। त्योहार के मौके पर धनराशि समय पर प्राप्त हो, इसके लिए केवाइसी करवाना जरूरी है।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**